GE
नगर संस्करण
सांध्य दैनिक
# गुड इवनिंग
इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित




अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, मंगलवार, 29 जुलाई 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 09 ■ अंक : 131
www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

## Short News

### ओडिशा में 28 दिन की बच्ची को 20 हजार रुपए में बेचा



**बोलनगीर।** ओडिशा के बोलनगीर जिले में पुलिस ने सोमवार को एक 28 दिन की बच्ची को बचाया। बच्ची को उसके माता-पिता ने गरीबी के कारण कथित तौर पर 20 हजार रुपए में बेच दिया था। टिटलागढ़ उप-मंडल पुलिस अधिकारी कल्याण बेहरा ने बताया कि पुलिस ने बरगढ़ जिले के पाइकमल में एक दंपति के घर से इस बच्ची को बचाया। पुलिस ने उसे बाल कल्याण समिति को सौंप दिया। फिलहाल मामले में शिकायत दर्ज नहीं की गई है, न ही किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। पाइकमल के दंपति ने बच्चे को खरीदने के आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि बच्ची के असल माता-पिता काफी गरीब हैं इसलिए वे लोग बच्ची को अपने पास ले आए।

### मध्य प्रदेश को एमपी कहने पर हाईकोर्ट में याचिका



**जबलपुर।** जबलपुर हाई कोर्ट में मध्य प्रदेश को एमपी मप्र कहने या लिखने पर रोक लगाने की मांग को लेकर याचिका दायर की गई। भोपाल में रहने वाले वरिंदर कुमार ने यह याचिका दायर की थी। कि उनके प्रदेश का संवैधानिक नाम मध्य प्रदेश है, लेकिन 90 प्रश लोग बोलचाल में और 80 प्रश लोग लिखा-पढ़ी में इसके लिए मप्र का प्रयोग करते हैं। इस पर रोक लगाई जाना चाहिए। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की बेंच ने यह कहते हुए याचिका रद्द कर दी कि आसानी से बोलने और समय बचाने के लिए दुनियाभर में संक्षिप्त नामों का इस्तेमाल होता है। नाम छोटा करने से किसी जगह की पहचान नहीं बदलती।

### वोटर वेरिफिकेशन में 65 लाख लोगों के नाम कटेंगे



**नई दिल्ली।** 1 अगस्त को जारी होने वाली वोटर ड्राफ्ट लिस्ट में करीब 65 लाख लोगों का नाम नहीं होगा। इस तरह अगर औसत निकालें तो 243 विधानसभा सीटों पर हर विधानसभा से करीब 26 हजार वोटर का नाम नहीं मिलेगा। चुनाव आयोग ने कहा है, 25 जुलाई को बिहार की मतदाता सूची के वेरिफिकेशन के पहले चरण का काम पूरा हो गया है। इसमें 65 लाख लोग अपने पते पर नहीं मिले। इसलिए उनका नाम नहीं होगा। हालांकि, चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूट गया हो या किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम गलती से जुड़ गया हो तो 1 अगस्त से 1 सितंबर तक आपत्ति या दावा कर सकता है। उसका नाम जोड़ा या हटाया जा सकेगा।

## जेल रोड पर आज सुबह चला बुलडोजर





फोटो : नितिन सोलंकी

**इंदौर।** मंगलवार सुबह नगर निगम की रिमूवल टीम जेल रोड पहुंची। यहां पुराने और जर्जर भवन पर बुलडोजर चलाया गया। बारिश के चलते यह भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकता था। हादसे में जन हनि भी संभव है, इसलिए नगर निगम की टीम ने वर्षों पुराने इस भवन को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ निगम का भारी अमला मौजूद रहा, ताकि कोई अप्रिय स्थिति न बन पाए।

### नागपंचमी आज : उज्जैन में बरसते पानी में 2 किमी लंबी लाइन

# सुबह तक नागचंद्रेश्वर मंदिर में 90 हजार ने किए दर्शन

गुड इवनिंग, उज्जैन

नागपंचमी में उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर की तीसरी मंजिल पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रात 12 बजे खोले गए। महानिवार्णी अखाड़ा के महंत श्री विनीत गिरी महाराज ने त्रिकाल पूजन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। सुबह साढे.8 बजे तक 90 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। बारिश के बावजूद भक्त लगातार यहां पहुंच रहे हैं, जिन्हें गेट नंबर 4 से प्रवेश दिया जा रहा है। यहां 2 किमी लंबी लाइन लगी है।

श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट हर साल सिर्फ एक बार नागपंचमी के दिन 24 घंटे के लिए खोले जाते हैं। श्रद्धालु आज रात 12 बजे तक दर्शन कर सकेंगे। यहां 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। प्रशासन ने भीड़ को संभालने और सुरक्षा के लिए 200 वरिष्ठ अधिकारी, 2,500 कर्मचारी, 1,800 पुलिसकर्मी और 560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



### रात 12 बजे बंद होंगे मंदिर के पट

मंगलवार दोपहर 12 बजे फिर से महानिवार्णी अखाड़ा की ओर से पूजन होगा। शाम को भगवान महाकाल की आरती के बाद पुजारियों और पुरोहितों द्वारा अंतिम पूजन किया जाएगा। इसके बाद रात 12 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे।

### 11वीं शताब्दी की श्री नागचंद्रेश्वर भगवान की दुर्लभ प्रतिमा

श्री नागचंद्रेश्वर भगवान की प्रतिमा 11वीं शताब्दी की मानी जाती है। इस अद्भुत प्रतिमा में शिवजी और माता पार्वती एक फन फैलाए हुए नाग के आसन पर विराजमान हैं। शिवजी नाग शैय्या पर लेटे हुए दिखाई देते हैं, और उनके साथ मां पार्वती तथा भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं भी मौजूद हैं।

प्रतिमा में सप्तमुखी नाग देवता भी दर्शाए गए हैं। साथ ही शिवजी और पार्वतीजी के वाहन नंदी और सिंह भी प्रतिमा में विराजित हैं। शिवजी के गले और भुजाओं में नाग लिपटे हुए हैं, जो इस मूर्ति की विशेषता को और अधिक दिव्य बनाते हैं।

### आज अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस, राज्यस्तरीय आयोजन भोपाल में

# मप्र के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सर्वाधिक बाघ

भोपाल, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर मंगलवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वन्य जीव ट्रांस लोकेशन, रेस्क्यू एवं डॉग स्क्वॉड वाहनों का लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री वन्य जीव संरक्षण गतिविधियों से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इसके बाद वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वन सुरक्षा समितियों, ईको विकास समिति, ग्राम वन समिति और वन कर्मियों को पुरस्कृत भी करेंगे।

### राष्ट्रीय उद्यानों में मध्यप्रदेश टॉप पर

- सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया है।
- केंद्र सरकार द्वारा जारी टाइगर



रिजर्व के प्रबंधन की प्रभावशीलता मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार पेंच टाइगर रिजर्व ने देश में सर्वोच्च रेंक प्राप्त की है।

- बांधवगढ़, कान्हा, संजय और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन वाले रिजर्व माना गया है।
- मध्यप्रदेश में 9 टाइगर रिजर्व हैं, जिसमें कान्हा किसली, बांधवगढ़, पेंच, पन्ना बुंदेलखंड, सतपुड़ा नर्मदापुरम, संजय दुबरी सीधी, नौरादेही, माधव नेशनल पार्क और डॉ. विष्णु वाकणकर टाइगर रिजर्व रातापानी शामिल हैं।
- मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सबसे अधिक बाघ हैं। यह रिजर्व मध्यप्रदेश का सबसे प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व है।

# ट्रक-बस की भिड़ंत, 18 कांवड़ियों की मौत

**रांची।** झारखंड के देवघर में मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें कम से कम 18 कांवड़ियों की मौत की खबर सामने आ रही है और कई अन्य लोग घायल हो गए। दुमका क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा, देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया जंगल के पास कांवड़ियों से भरी 32 सीट वाली बस और गैस सिलेंडर ले जा रहे एक ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा जा रहा है।

एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में से कई की हालत गंभीर होने के कारण हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। उन्होंने बताया कि



जिला प्रशासन को सूचित कर दिया गया है और घायलों को पास के अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाया जा रहा है। वहीं सांसद निशिकांत दुबे ने ट्वीट किया है कि मेरे लोकसभा के देवघर में श्रावण मास में कांवर यात्रा के दौरान बस और ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 18 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है।

# भारत ने रूस को 14 लाख डॉलर का विस्फोटक दिया तो अमेरिका ने भारत को दी धमकी, 100 प्रश टैरिफ लगेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

एक भारतीय कंपनी ने दिसंबर में रूस को करीब 14 लाख डॉलर का विस्फोटक कंपाउंड भेजा, जिसका इस्तेमाल सैन्य कामों में हो सकता है। यूक्रेन की खुफिया एजेंसी का कहना है कि यह सामान रूस की कंपनी को दिया गया, जिस पर यूक्रेनी सेना पहले ड्रोन हमला भी कर चुकी है।

इस रिपोर्ट के बाद अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने फॉक्स



न्यूज से कहा-भारत हमारा रणनीतिक साझेदार है, लेकिन हमने साफ कर दिया है कि कोई भी विदेशी कंपनी रूसी रक्षा उद्योग के साथ कारोबार करेगी तो उस पर अमेरिकी प्रतिबंध लग सकते हैं। ट्रंप के करीबी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रश टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इसका सीधा असर भारत और चीन पर पड़ सकता है।

लंदन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कहा- कोई भी देश भारत की अर्थव्यवस्था को स्विच ऑफ नहीं कर सकता। जो देश हम पर उंगली उठा रहे हैं, वही रूस से दूसरी चीजें खरीद रहे हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है और सोवियत काल से रूस से हथियार लेता आ रहा है। इस साल पुतिन के भारत दौरे की भी तैयारी है।

### कोच्चि में ज्ञान सभा : हिंदू धर्म सबको साथ लेकर चलने वाला धर्म

# कट्टर हिंदू का मतलब दूसरों का विरोध करना नहीं : भागवत

कोच्चि, एजेंसी

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि कट्टर हिंदू होने का मतलब दूसरों का विरोध करना नहीं है, बल्कि हिंदू होने का असली मतलब सबको अपनाना है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म सबको साथ लेकर चलने वाला धर्म है।*

भागवत ने कहा- अक्सर गलतफहमी हो जाती है कि अगर कोई अपने धर्म के प्रति दृढ़ है तो वह दूसरों का विरोध करता है। हमें यह कहने की जरूरत नहीं कि हम



हिंदू नहीं हैं। हम हिंदू हैं, लेकिन हिंदू होने का सार यह है कि हम सभी को अपनाएं। वे कोच्चि में संघ से जुड़ी संस्था शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में देश भर के शिक्षाविद और विचारक पहुंचे हुए थे।

भागवत ने कहा शिक्षा में बदलाव की जरूरत उन्होंने मैकॉले द्वारा थोपे गए औपनिवेशिक शिक्षा मॉडल को आज के भारत के लिए अनुपयुक्त बताया। सत्य और करुणा पर आधारित भारतीय शिक्षा प्रणाली ही विश्व कल्याण में योगदान दे सकती है। संसार में दो तरह का ज्ञान होता है- विद्या (सत्य ज्ञान) और अविद्या (अज्ञान)। दोनों का जीवन के भौतिक और आध्यात्मिक पहलुओं में अहम योगदान है, और भारत इन दोनों के संतुलन को महत्व देता है।

### सच्चा विद्वान उदाहरण पेश करता है

भारतीय राष्ट्रवाद और आध्यात्मिकता भागवत ने भारत को आध्यात्मिक भूमि बताया और कहा कि देश का राष्ट्रवाद पवित्र और शुद्ध भावना से जुड़ा हुआ है। वहीं, सच्चे कहा कि सच्चा विद्वान वह नहीं जो केवल चिंतन करता है, बल्कि वह है जो अपने विचारों को कर्म में बदलता है और जीवन में उसका उदाहरण पेश करता है।

### समाज परिवर्तन में व्यक्तिगत भूमिका

भागवत ने कहा कि हर व्यक्ति को समाज के समग्र परिवर्तन के लिए व्यक्तिगत उत्तरदायित्व के साथ काम करना चाहिए। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाए और उसे कहीं भी अपने दम पर जीवित रहने की क्षमता प्रदान करे। विकसित भारत और विश्व गुरु भारत कभी युद्ध का कारण नहीं बनेगा, बल्कि यह विश्व में शांति और समृद्धि का संदेशवाहक होगा।



श्रावण के अंतिम सोमवार को निकलेगी मंशापूर्ण महादेव की राजसी सवारी

# शिव-पार्वती और पुत्र गणेशजी का पूजन करने उमड़े श्रद्धालु

गुड इवनिंग, इंदौर

धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम पर महंत शुकदेव महाराज के सानिध्य में श्रावण मास के तीसरे सोमवार के उपलक्ष्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में भगवान शिव पार्वती एवं विनायक चतुर्थी के उपलक्ष्य में पुत्र गणेश का पूजन भी किया। आश्रम पर अयोध्या के प्रख्यात रामायणी पं. अनुरागदास एवं उनकी टीम के 9 सदस्यों द्वारा श्रावण के पहले दिन से ही अखंड रामायण पाठ का संगीतमय आयोजन किया जा रहा है। ढोलक, हार्मोनियम ओर तबला की संगत पर यह आयोजन पूरे क्षेत्र में लोकप्रिय बना हुआ है। आश्रम प्रबंध समिति के डॉ. सुरेश चौपड़ा, दिनेश गर्ग, सुधीर अग्रवाल अशोक कुमावत, सीताराम नरेड़ी एवं नानूराम चौधरी सहित सैकड़ों भक्तों ने सुबह से देर शाम तक भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर विभिन्न अनुष्ठानों में भागीदारी दर्ज कराई। अखंड रामायण पाठ में भी आश्रम से जुड़े सभी सदस्य 8-8 घंटे के लिए अखंड रामायण पारायण कर रहे हैं, जिसमें शहरी क्षेत्र के अलावा 20 गांवों के श्रद्धालु भी बारी-बारी से शामिल होकर पुण्य लाभ उठा रहे हैं।



अखंड रामायण पाठ का यह सिलसिला 10 अगस्त तक जारी रहेगा। इसके बाद श्रावण के अंतिम सोमवार, 4 अगस्त को दोपहर 2 बजे मंशापूर्ण महादेव की राजसी सवारी का दिव्य आयोजन भी होगा, जिसमें बड़ी संख्या में शहरी एवं ग्रामीण श्रद्धालु शामिल होंगे। राजसी सवारी की तैयारियां शुरू हो गई है।

## विद्याधाम पर फूलों और सूखे मेवों से भोलेबाबा सजे बाबा महाकाल रूप में



**इंदौर।** विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर श्रावण के तीसरे सोमवार को महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में 21 विद्वान आचार्यों एवं ब्राह्मणों द्वारा अभिषेकात्मक लघु रूद्र महायज्ञ किए गए। सोमवार को रात्रि में विद्यारत्नेश्वर भगवान का रूद्राभिषेक भी किया गया। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि संध्या को आश्रम परिसर स्थित शिव मंदिर पर पं. लोकेश शर्मा, पं. आशीर्वाद शर्मा एवं उनके साथियों ने सूखे मेवे एवं फूलों से भोलेनाथ का बाबा महाकाल के रूप में मनोहारी श्रृंगार किया, जिनके दर्शनार्थ देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। आश्रम पर पूरे सावन माह में सुबह 9 बजे से अखंड दुग्ध धारा एवं तीर्थ जल से अभिषेकात्मक लघुरूद्र महायज्ञ तथा सायं 5 बजे से सामूहिक शिव महिम्न पाठ, 5.30 बजे से सामूहिक लक्षार्चन आराधन एवं रात्रि 9 बजे से सामूहिक शिव आराधना के अनुष्ठान जारी हैं।

## हंसदास मठ पर हंसेश्वर महादेव का महाकालेश्वर के रूप में किया श्रृंगार

इंदौर। एरोड्रम रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रावण के तीसरे सोमवार को हंसेश्वर महादेव का महाकालेश्वर के रूप में मावा, भांग और सूखे मेवे, बिल्व पत्र एवं फूलों से श्रृंगार किया गया। मठ पर हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में श्रावण मास के उपलक्ष्य में सुबह विद्वान आचार्यों द्वारा महामृत्युंजय महामंत्र जाप, अभिषेक, पूजन के अनुष्ठान किए जा रहे हैं। मठ के महामंडलेश्वर महंत पं.पवनदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर मठ स्थित सभी देवालयों का आकर्षक श्रृंगार किया गया। सुबह से ही मठ पर भक्तों के आगमन का सिलसिला शुरू हो गया था। संध्या को हंसेश्वर महादेव का मावा, भांग एवं सूखे मेवे तथा फूलों एवं पत्तियों



से महाकालेश्वर के रूप में श्रृंगार किया गया। देर शाम तक भक्तों का मेला जुटा रहा। श्रावण मास में मठ पर पूरे माह सुबह अभिषेक-पूजन एवं जाप तथा संध्या को रूद्राभिषेक एवं श्रृंगार के आयोजन जारी हैं।



## पीपलेश्वर महादेव का श्रृंगार, श्रद्धालुओं ने की आरती

**इंदौर।** श्रावण मास में शिव की आराधना का दौर जारी है। कल जगह-जगह शहर के शिवालयों में भोले के भक्त पहुंचे और जलाभिषेक के साथ पूजा-अर्चना की। स्कीम नंबल 78 स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की अल सुबह से भीड़ लगी। पंडित मनोज पाठक ने बताया कि भगवान का श्रृंगार करने के बाद श्रद्धालुओं के साथ मिलकर आरती की गई।

# गीता भवन में रुद्राभिषेक में शामिल हुए माहेश्वरी मारवाड़ी प्रगति मंडल के बंधु

गुड इवनिंग, इंदौर

श्रावण के तीसरे सोमवार को गीता भवन में आचार्य पं. कल्याण दत्त शास्त्री सहित पांच विद्वानों के निर्देशन में बिल्व पत्र एवं फूलों से भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक किया गया। माहेश्वरी झमारवाड़ी प्रगति मंडल की ओर से प्रतिदिन सावन माह में सुबह 7.50 बजे से 9 बजे तक शिव स्तुति पाठ एवं 9 बजे पश्चात रूद्राभिषेक का अनुष्ठान जारी है। आज इस अनुष्ठान में माहेश्वरी मारवाड़ी प्रगति मंडल की ओर से रामवल्लभ भूतड़ा, गौरीशंकर लोहिया, श्रीमती विमला सोमानी (कोलकाता), सरिता झंवर (सूरत), श्रीमती संतोष बजाज (गुलाबबाग), राजेश भट्टड़, मनमोहन मूंदड़ा, गोप झंवर आदि समाजबंधु शामिल होंगे। गीता भवन ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष राम



ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, मनोहर बाहेती, दिनेश मित्तल, राजेश गर्ग केटी, टीकमचंद गर्ग, हरीश माहेश्वरी के अलावा गीता भवन के सहयोगी बंधुओं सुनील मिश्रा, मोहन शर्मा, विनोद तायड़े, नीलू कौशिक, लल्लू यादव एवं अन्य कर्मचारियों, सुरक्षा गार्ड, तथा चौकीदारों ने भी भाग लिया। चातुर्मास में 31 जुलाई तक गोधरा की साध्वी परमानंद सरस्वती के प्रवचनों का क्रम भी प्रतिदिन सुबह 830 से 10 एवं शाम 5.30 से 6.30 बजे तक जारी है।

# नौलखा कांटाफोड़ शिव मंदिर पर 11 किस्म के फूलों से हुआ भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार

गुड इवनिंग, इंदौर

नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर श्रावण माह के तीसरे सोमवार पर ग्यारह किस्म के रंग-बिरंगे फूलों और पत्तियों से रजत मंडित गर्भगृह एवं शिवजी का मनोहारी श्रृंगार किया गया। शाम से ही भक्तों की कतारें श्रृंगार दर्शन के लिए लगना शुरू हो गई थी। शिवजी के सामने फूलों से बनाए गए नंदी की मनमोहक रचना को अनेक श्रद्धालुओं ने निहारा और अपने कैमरों में कैद किया।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि बालटाल एवं पंचतरणी पर चल रहे लंगर में प्रतिदिन दस से पंद्रह हजार श्रद्धालु मालवा के



व्यंजनों का लुत्फ ले रहे हैं। 24 घंटे चल रहे इन लंगरों में देश-विदेश के श्रद्धालु अपनी सेवाएं भी दे रहे हैं और रात्रि विश्राम की सुविधा का भी लाभ उठा रहे हैं। पूरे माह मंदिर पर शाम 7.30 बजे भगवान भोलेनाथ की आरती एवं नित्य नूतन श्रृंगार का लाभ भी आम भक्तों को मिल रहा है।

# दो शासकीय विद्यालयों में एयरोस्पेस लैब का लोकार्पण



गुड इवनिंग, इंदौर

शासकीय शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़ा गणपति में बालिका शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य करने वाली संस्था ऑलवेज हैप्पी हेल्पिंग हैंड्स द्वारा छात्राओं हेतु एयरोस्पेस लैब की स्थापना की है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य रॉकेट विज्ञान, सौर मंडल, उपग्रहों और अंतरिक्ष यान डिजाइन जैसे विषयों के व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान में जिज्ञासा जगाना है। प्रयोगशाला में शैक्षिक मॉडल जैसे दूरबीन, बहुरूपदर्शक, सूर्य की रोशनी दिशा मशीन, डेलाइट मॉडल, रॉकेट और उपग्रह मॉडल और बहुत कुछ शामिल हैं। यह पहल सुनीता विलियम्स और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की यात्रा से प्रेरित है, जिन्होंने दिखाया है कि जब विज्ञान दृढ़ संकल्प से मिलता है तो क्या संभव है।

एयरोस्पेस लैब के उद्घाटन के अवसर पर इंदौर शहर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी, ऑलवेज हैप्पी हेल्पिंग हैंड्स के अध्यक्ष श्रीमती साधना तोड़ी जी, श्रीमती रचना मित्तल जी, श्रीमती अल्पना भंडारी जी, श्रीमती संगीता अग्रवाल शारदा कन्या विद्यालय से अध्यापिका श्रीमती सुनैना शर्मा जी एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहें।

उक्त कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा विद्यार्थियों को एयरोस्पेस लैब से विज्ञान विषय को समझने में अधिक सहजता होगी।

इस अवसर पर श्रीमती साधना तोड़ी जी ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि विद्यार्थियों को स्कूल स्तर पर ही एयरोस्पेस विज्ञान के बारे में जानकारी मिलें और वे अंतरिक्ष विज्ञान जैसे जटिल विषयों को सहजता से समझ सकें। यह लैब विद्यार्थियों को भविष्य में वैज्ञानिक, इंजीनियर या एयरोस्पेस विशेषज्ञ बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।

# लड्डू गोपाल की गोद सेवा में उमड़े भक्त

गुड इवनिंग, इंदौर

अग्रवाल नगर स्थित सिंघल निवास पर आयोजित लड्डू गोपाल गोद सेवा समारोह मंगलवार को श्रद्धा और भावनाओं की अनुपम छटा के साथ संपन्न हुआ। सिवनी मालवा से पधारे लड्डू गोपाल के दिव्य दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला सहित कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी भाग लिया। गोविंद सिंघल और संतोष गोयल



परिवार द्वारा छप्पन भोग समर्पण और फूलों की होली जैसे भावपूर्ण आयोजन हुए। समाजसेवी किशोर गोयल, अंकित गोयल फार्मा सहित युवाओं की टोली ने व्यवस्थाएं संभालीं। मंगलवार को पूजन-अभिषेक और विदाई समारोह के साथ आयोजन पूर्ण हुआ।

## भगवती श्रीगोदा अंबाजी का प्राकट्य उत्सव

इंदौर। भगवती श्रीगोदा अंबा जी के प्राकट्य उत्सव पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में हुआ भव्य आयोजन। 108 कलशों से खिरान का भोग अर्पित कर महाआरती की गई। तुलसी दल से 1008 नामों से अर्चना, भजनों की प्रस्तुति और झूला झुलाने की सेवा से गूंजा वातावरण।



दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों का स्वालंबन शिविर का चौथा दिन

# देश की प्रगति में दिव्यांग दृष्टिबाधित बच्चों का योगदान माना जाएगा अव्वल : लक्ष्मी राजवाड़े

गुड इवनिंग, इंदौर

जहां देश में अधिकतर लोग और संस्थाएं दिव्यांग बच्चों के साथ बैनर, पोस्टर लगाकर केवल फोटो खिंचवाकर प्रचार प्रसार में लगे रहते हैं वहीं यह संस्था महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑगेनाईजेशन, मिसो,वास्तव में सबका साथ सबका विश्वास ,सबका विकास के मोदी विजन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है और सबको साथ लेकर चलने का सही मार्ग प्रशस्त कर रही है ।मुझे बताया गया कि इन बच्चों को प्रशिक्षण के साथ एक माह का सामान भी साथ में दिया जाएगा ताकि वे प्रशिक्षण के बाद भी इन वस्तुओं से सामग्री निर्माण कर उसे




बाजार में बेच सकें और उनकी निरंतरता बनी रहे। जब भी हम छत्तीसगढ़ शासन की ओर से दिव्यांग योजना बनाएंगे ,हम आप जैसी संस्थाओं के बताए मार्ग पर चलेंगे ।इतनी सुंदर व्यवस्था देखकर मैं अभिभूत हूं और अहिल्या की परम्परा को आज भी जिंदा रखे हुए हैं ,मालवा के लोग ,वे धन्यवाद के पात्र हैं। ये बच्चे स्वावलंबी बन दूसरों को प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाएंगे, देश का प्रत्येक युवा स्व रोजगार में स्थापित हो जाए तब देश की जीडीपी गतिमान हो जाएगी और देश स्वाभिमान और गौरव के साथ प्रगतिशील रहेगा जिसमें इन बच्चों का योगदान अव्वल माना जाएगा।

उक्त विचार लक्ष्मी राजवाड़े,समाज कल्याण,महिला, बाल विकास मंत्री ,छत्तीसगढ़ शासन,ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों के पांच दिवसीय शिविर, होटल एच आर ग्रीन में शिविर की विभिन्न गतिविधियों के अवलोकन के बाद बच्चों के कार्यक्रम के बीच कहे। स्वावलंबन पर बच्चों की कार्यशाला की विभिन्न कक्षाओं का गहन अवलोकन श्री अशोक जैन,श्री अरुण कुमार जैन,श्री कावड़िया जी ने करवाया। इस दौरान अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष , पूर्व सांसद श्री पुष्प जी जैन द्वारा आधिकारिक सरकारी स्थिति और वास्तविक कार्य करने में आने वाली परेशानियों के बीच अपना काम किस तरह से संपन्न किया जाए इस पर प्रकाश डालते हुए मंत्री जी को ठोस दिशा में सही काम किस तरह किया जाए इसकी प्रेरणा दी। अतिथियों का स्वागत श्री हुलास जी बेताला ने किया ।स्मृति चिन्ह श्री पुष्प जी जैन ,श्री प्रकाश भटेवरा,हुल्लास जी बेताला,लोकेश कावड़िया ,अरुण कुमार जैन ,सुभाष वन्यायक्या आदि ने किया। स्वागत भाषण श्री पीयूष जैन, अतिथि परिचय श्री लोकेश कावड़िया जी ने दिया और आभार श्री जितेंद्र चौपड़ा ने माना।

## 416 करोड़ रु. में तीन स्थानों पर तैयार हो रहे एसटीपी








फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। नमामि गंगे अभियान के तहत इंदौर में 416 करोड़ की लागत से तीन स्थानों पर अत्याधुनिक एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निर्माण प्रगति पर है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कबीर खेड़ी व अन्य स्थानों का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की समीक्षा की। एसटीपी से न सिर्फ जल शुद्धिकरण होगा, बल्कि बायोगैस और बिजली का उत्पादन भी संभव होगा।

### जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, अवैध रूप से फसल भी उगाई जा रही थी

# 150 करोड़ रुपए से अधिक की जमीन से हटाया कब्जा

गुड इवनिंग, इंदौर

**जिला प्रशासन के अमले ने सोमवार को 150 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की बेशकीमती शासकीय जमीन का कब्जा प्राप्त किया है। उक्त भूमि पर कब्जा कर बनाए गए अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए और अवैध रूप से बोई गई फसल को भी हटाया गया।**

कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा खेड़ापति हनुमान मंदिर की पिपल्याकुमार स्थित खसरा क्रमांक-206 की जमीन के संबंध में सभी बटांकन के नामांतरण आदेश को निरस्त किया गया है। उक्त जमीन खेडापति मंदिर एवं श्रीराम मंदिर व्यवस्थापक कलेक्टर के नाम से शासकीय अभिलेखों में दर्ज की गई। एसडीएम प्रदीप सोनी ने बताया कि उक्त आदेश के पालन में सोमवार को जिला प्रशासन के अमले द्वारा नगर निगम के सहयोग से ग्राम पिपलियाकुमार स्थित भूमि खसरा क्रमांक-206 के सभी बटांकन का कुल रकबा 1.1890 हेक्टेयर से अतिक्रमण हटाकर भूमि का कब्जा लिया गया। मौके पर उक्त भूमि शासकीय मंदिर के स्वामित्व की होने संबंधी सूचना पटल भी लगाया गया है। इस सूचना पटल के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि उक्त शासकीय भूमि श्री राम एवं खेड़ापति मंदिर की है। इस भूमि पर किसी भी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेश, कब्जा, निर्माण अथवा किसी भी तरह का उपयोग अवैधानिक है। किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि पाए जाने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि मंदिर की जमीन बेचने का अधिकार पुजारी को कभी भी नहीं था। फिर भी उक्त जमीन को बेच दिया गया। कानून में मंदिर को नाबालिग माना है, जिसकी संपत्ति के अभिरक्षा करने का दायित्व संबंधित जिला कलेक्टर को है, मंदिर की भूमि से होने वाली आय भी मंदिर के खाते में जाना चाहिए परंतु कुछ भू माफियाओं ने कूट रचित और अवैधानिक विक्रय पत्र से नामांतरण करवा लिए।





कलेक्टर आशीष सिंह ने इसे गंभीरता से लिया और राजस्व बोर्ड के आदेश के अनुक्रम में सारे नामांतरण निरस्त कर दिए। यह बात भी उल्लेखनीय है कि भूमि स्वामित्व सिर्फ राजस्व रिकॉर्ड में ही बदले पर सरकार ने कभी भी कब्जा नहीं छोड़ा। सोमवार को जिला प्रशासन ने अपना कब्जा पुनर्स्थापित किया और यह सिद्ध किया की मंदिर की संपत्ति पर किसी भी प्रकार की अवैधानिक कब्जे को तत्काल बेदखल किया जाएगा। पूरे जिले में अब सभी शासकीय मंदिर की भूमियों पर शासन अपना कब्जा पुनर्स्थापित करेगा।

# चंदा करके रास्ता बनवा रहे रहवासी



गुड इवनिंग, देपालपुर

प्रत्येक बारिश के समय हर गांव की एक ही समस्या होती है घरों के सामने रास्ते पर कीचड़ होना, पानी की व्यवस्थित निकासी नहीं होने से कीचड़ होना, ग्राम बड़ोली होज के युवाओं द्वारा गांव के प्रसिद्ध पाल वाले हनुमान जी व शिव मंदिर तक जहा लगभग 25 घरो की आबादी भी रहती है। वहां बारिश के समय निकलने की बड़ी समस्या हो जाती है। यहां रहवासी मिलकर चंदा एकत्रित कर लगभग एक हजार फीट पक्की मुरम डालकर, कच्ची सड़क बनवा रहे हैं । आबादी क्षेत्र में यह रास्ता आज भी पक्की सड़क के लिए तरस रहा है । जलोदिया पंथ रास्ते के नाम जाने जानी वाले इस रास्ते में मोटरसाइकिल तक निकालने में बड़ी समस्या हो रही है। इमरजेंसी मरीज को निकालने के लिए लगभग 800 फीट से 1000 फिट तक ट्रैक्टर से जाना पड़ रहा था । आबादी ओर उक्त रास्ते से निकलने वाले ग्रामीण तोलाराम परमार, हरिओम सोलंकी, दिनेश जाधव, भैरू सिंह, विनोद, रितेश आदि ने आपस में राशि इकट्ठी कर अपने रास्ते पर काले पत्थर वाली मुरम डलवा कर गांव के एक मात्र शिव मंदिर जाने वाले भक्तों को निकलने के रास्ते को भी सुधरवाया ।

## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 4 को

इंदौर। इंदौर जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में 4 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नंदा नगर में मेले का आयोजन किया गया है। उप संचालक (रोजगार) पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे मौके के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए लोन की प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे विशाल फेब टेक, कैश न्यू हॉलेण्ड कन्ट्रक्शन, टी.के. एग्रो प्रायवेट लिमिटेड, औशियन मोटर्स, श्याम टाटा मोटर्स, डी-मार्ट, रूपरंग स्टोर्स, मिग्मा पेट्रोन, एयर विन्सीबल आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा लेखापाल, टीम लिडर, एचआर, सैल्स, बीपीओ, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, मशीनिष्ट, वैल्डर, पेकर व लोडर, मार्केटिंग आदि के 500 से अधिक पदों के लिए साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे ।

## इंदौर में अब तक 11 इंच से अधिक हुई है बारिश

**इंदौर।** इंदौर जिले में जारी मानसून सत्र में अभी तक 271.1 मिलीमीटर यानी 11 इंच से अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। बीते साल इस अवधि तक 344.7 मिलीमीटर यानी साढ़े 13 इंच औसत वर्षा हुई थी यानी बीते साल से 86.5 मिलीमीटर लगभग साढ़े तीन इंच कम बारिश इस बार हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जारी मानसून सत्र में वषामार्पी केन्द्र इंदौर में 270.4 मिलीमीटर, महू में 325 मिलीमीटर, सांवेर में 257.4 मिलीमीटर, देपालपुर में 343.7 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 118.9 मिलीमीटर तथा हातोद में 234 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इसी तरह बीते साल इस अवधि में वषामार्पी केन्द्र इंदौर में 282.6 मिलीमीटर, महू में 228 मिलीमीटर, सांवेर में 382.8 मिलीमीटर, देपालपुर में 509.4 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 404.4 मिलीमीटर तथा हातोद में 261.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी।



### मौसम बिगड़ा तो कारगर रहा बिजली कंपनी का ऊर्जस एप

# तेज बारिश के दौरान दो दिन में 1225 उपभोक्ताओं की मदद

गुड इवनिंग, इंदौर

बिजली वितरण कंपनी का मोबाइल एप ऊर्जस उपभोक्ताओं के लिए बहु उद्देश्यीय साबित हो रहा है। दो दिनों से जब मौसम में भारी बदलाव हुआ, तेज हवाएं चली, कई जिलों में पेड़ों की शाखाएं भी गिरी, इस दौरान ऊर्जस एप ने सैंकड़ों बिजली उपभोक्ताओं की मदद की। दो दिनों में ऊर्जस के माध्यम से कुल 1225 उपभोक्ताओं की समय पर मदद की गई।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए कई प्रयास किए गए है। ऊर्जस एप के माध्यम से भी उपभोक्ताओं को घर बैठे बिजली संबंधी शिकायत निवारण की सुविधा दी गई है। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि मौसम बिगड़ने के दौरान ऊर्जस एप ने उपभोक्ताओं की भरपूर मदद की। इस दौरान ऊर्जस एप के माध्यम से इंदौर शहर के सर्वाधिक 650, उज्जैन के 175 उपभोक्ताओं रतलाम के 50 उपभोक्ताओं के साथ ही खंडवा, धार, देवास के उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान किया गया। अन्य क्षेत्रों के उपभोक्ताओं ने भी ऊर्जस एप के माध्यम से शिकायतों का समाधान प्राप्त किया। मुख्य महाप्रबंधक श्री चौहान ने बताया कि ऊर्जस एप पर शिकायत दर्ज होने के बाद अगले दो-चार मिनट में केंद्रीयकृत कॉल सेंटर 1912 के प्रभारी के पास प्रदर्शित होने लगती है। वहां से उक्त शिकायत को तुरंत ही संबंधित जोन, वितरण केंद्र की टीम को निवारण के लिए भेज दिया जाता है। इस तरह ऊर्जस एप पर दर्ज होने वाली शिकायतें समाधान के लिए संबंधित लाइन स्टॉफ के पास अधिकतम 10 मिनट में पहुंच जाती है। इसके बाद मैदानी कर्मचारी समाधान करते है, एवं कॉल सेंटर से समस्या या शिकायत समाधान की फोन लगाकर पुष्टि भी की जाती है।



तख्तियां लेकर विधानसभा पहुंचे; कहा-गिरगिट जैसे रंग बदल रही सरकार

# ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस विधायकों का प्रदर्शन

गुड इवनिंग, भोपाल

*मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण का मुद्दा गूंजा। कांग्रेस विधायकों ने इसे लेकर प्रदर्शन किया। वे हाथों में तख्तियां और खिलौने वाले गिरगिट लेकर पहुंचे। यहां गांधी प्रतिमा के सामने नारेबाजी की। कांग्रेस विधायकों का कहना था कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 फीसदी आरक्षण नहीं देना चाहती। वह बार-बार गिरगिट की तरह रंग बदल रही है। इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होने पर अहमदाबाद विमान हादसे और पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।*

सोमवार से शुरू हुआ ये मानसून सत्र 8 अगस्त तक चलेगा। सत्र में अनुपूरक बजट और तीन सरकारी विधेयक भी पेश किए जाएंगे। एक स्थगन प्रस्ताव की सूचना भी सचिवालय को दी गई है। सत्र के लिए कुल 3377 में से 2076 सवाल ऑनलाइन आए हैं जबकि ऑफलाइन सवालों की संख्या 1301 है। 226 ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प की 23 और शून्यकाल की 65 सूचनाएं विधायकों की ओर से दी गई हैं। विधायकों ने नियम- 139 के तहत एक सूचना दी है।






**कांग्रेस विधायक बोले- भेदभाव कर रही सरकार**-जौरा से कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा- ओबीसी वर्ग के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार और भेदभाव किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने बहुत मोटी फीस हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में वकीलों पर खर्च की, जिससे ओबीसी वर्ग को उनका आरक्षण न मिल सके। इसका हम लगातार विरोध कर रहे हैं। कमलनाथ ने मुख्यमंत्री रहते जो आरक्षण दिया था, वह हम ओबीसी वर्ग को दिलाकर रहेंगे।

**प्रीतम सिंह ने कहा- हम इंसान, कांग्रेसी खुद गिरगिट**-कांग्रेस के प्रदर्शन पर पिछोर से बीजेपी विधायक प्रीतम सिंह लोधी बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनगणना कराने और ओबीसी को आरक्षण देकर कांग्रेस का मुद्दा खत्म कर दिया है। हम तो इंसान हैं, कांग्रेसी खुद गिरगिट हैं। वहीं, सिरोंज से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि मुझे चिंता है कि कमलनाथ जी को सदन में आने से कौन रोक रहा है? मुझे लगता है कि यह कांग्रेस की गुटबाजी और फूट का परिणाम है।

### कांग्रेस ने सरकार को घेरने की बनाई रणनीति

भोपाल में रविवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई थी। इसमें विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा हुई। तय किया गया कि सत्र में आदिवासियों की जमीन बेदखली, भर्ती परीक्षाओं में घोटाले, जातिगत जनगणना, भ्रष्टाचार, युवाओं को रोजगार, ड्रग्स कारोबार, खाद की किल्लत, महिला अत्याचार, रिक्त पड़े पदों पर जल्द भर्तियां, 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण और 13 फीसदी पर होल्ड हटाने की मांग को जोर-शोर से उठाया जाएगा।

मॉडल स्कूल में छात्र संघ शपथ समारोह में मंत्री सिंह बोले-

# डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षकों के लिए सुविधाजनक

गुड इवनिंग, भोपाल



टीटी नगर स्थित मॉडल स्कूल में आयोजित छात्र संघ के शपथ ग्रहण समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि 2014 के बाद देश में शिक्षा क्षेत्र में सबसे बड़ा बदलाव नई शिक्षा नीति-2020 है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस दूरदर्शी निर्णय ने बच्चों के कौशल विकास और रोजगार संभावनाओं को मजबूत आधार दिया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश उन अग्रणी राज्यों में है, जहां नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है।

**प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान**-कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं की 10वीं और 12वीं कक्षाओं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। मंत्री सिंह ने कहा कि मॉडल स्कूल टीटी नगर की पहचान अपनी उत्कृष्टता के लिए पूरे प्रदेश में है। यहां से पढ़े छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है।

**स्कूल शिक्षा में डिजिटल कदम**-मंत्री सिंह ने बताया कि सरकारी स्कूलों में लागू डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षकों के लिए बड़ी सुविधा साबित हो रही है। शिक्षक इस डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से छुट्?टी स्वीकृति, लेखा संबंधी कार्य और समस्याओं को दर्ज करा सकते हैं। इस व्यवस्था को भोपाल के कमांड सेंटर से संचालित किया जा रहा है।उन्होंने यह भी घोषणा की कि अनुकंपा नियुक्ति नीति जल्द लागू की जाएगी, जिससे दिवंगत शिक्षकों के परिवारों के नियुक्ति संबंधी प्रकरणों का निश्चित समय सीमा में समाधान होगा।

**प्रदेश के स्कूलों में गुणवत्ता सुधार**-मंत्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में 75 हजार से अधिक स्कूलों को मॉडल, एक्सीलेंस और पीएम-श्री स्कूलों के रूप में विकसित किया गया है। करीब 300 स्कूल सांदीपनि स्कूल के रूप में विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ संचालित हो रहे हैं। उन्होंने गर्व से कहा कि रतलाम का सांदीपनि स्कूल दुनिया के श्रेष्ठ स्कूलों में शामिल हुआ है।

कार्यक्रम में विधायक भगवान दास सबनानी, पार्षद अनीता अनेजा, उप प्राचार्य आर.के. श्रीवास्तव, शिक्षकगण और पेरेंट्स मौजूद थे। प्राचार्य रेखा शर्मा ने स्कूल को प्राप्त पुरस्कारों और छात्रसंघ चुनावों के माध्यम से बच्चों को लोकतंत्र की समझ देने के प्रयासों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शबनम खान ने किया। इस मौके पर बच्चों ने देश की सांस्कृतिक विविधता पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किए।

## चाय की दुकान पर चाकू मारकर हत्या

**भोपाल**। कोलार क्षेत्र स्थित बंजारी इलाके में रविवार रात बदमाशों ने एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। ड्राइवर शुभम यादव का कुछ दिन पहले बर्थडे पार्टी में आरोपियों से विवाद हुआ था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, शुभम यादव (23) पिता मोर सिंह यादव, मूल रूप से सीहोर के कोतवाली थाना क्षेत्र का निवासी था। वह इन दिनों भोपाल के गौरव नगर, कोलार में रहकर ड्राइवरी कर रहा था।

22 जुलाई को उसके दोस्त की जन्मदिन पार्टी के दौरान शुभम का भूपेंद्र मालवीय, उसके बड़े भाई गोलू मालवीय और पड़ोसी आकाश से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि उस समय बात थाने तक नहीं पहुंची थी, लेकिन बदला लेने की नीयत से आरोपी भूपेंद्र शुभम की तलाश में था।

**पेट और आंख के पास चाकू मारकर की हत्या**-रविवार रात करीब 10:30 बजे शुभम बंजारी स्थित नुक्कड़ चाय की दुकान पर पहुंचा। वहां भूपेंद्र, गोलू और आकाश से आमना-सामना हो गया। तीनों ने मिलकर शुभम को घेर लिया और मारपीट करने लगे।

## कैंसर स्क्रीनिंग का फर्जी रिकॉर्ड बनाया, 7 सीएचओ बर्खास्त

गुड इवनिंग, भोपाल



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) मध्यप्रदेश ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ 7 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। इन पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि लेने के गंभीर आरोप साबित हुए हैं।

एनएचएम द्वारा की गई समीक्षा में पाया गया कि इन अधिकारियों ने अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर स्क्रीनिंग, उपचार और फॉलोअप जैसी सेवाओं का फर्जी रिकॉर्ड तैयार कर प्रोत्साहन राशि निकाली। जांच में यह साफ हुआ कि कई मामलों में कार्य किए बिना ही भुगतान लिया गया। राज्य स्तरीय जांच टीम ने जब अभिलेखों और वास्तविक कार्य का मिलान किया, तो कर्मचारियों ने खुद भी स्वीकार किया कि गलत तरीके से फायदा उठाया गया।

**आमजन से नैतिक धोखाधड़ी**-आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य और असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग जैसी मूलभूत सेवाएं गरीबों तक पहुंचाना है। इन अधिकारियों के गलत आचरण से न केवल शासन को वित्तीय नुकसान हुआ, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य अधिकारों से भी खिलवाड़ हुआ।

**एनएचएम का सख्त संदेश**-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अनुसार, संविदा कर्मचारी द्वारा किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या कदाचार पाए जाने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। इन मामलों में कार्रवाई 2025 के मानव संसाधन मैनुअल के तहत की गई है।

# भाजपा विधायक बोले- सभी सड़कें वाटर पार्क बन गई हैं

गुड इवनिंग, भोपाल



मध्यप्रदेश में बारिश के मौसम में सड़कों की बिगड़ी हालत को लेकर जमकर राजनीति हो रही है। इसे लेकर विपक्ष लगातार सरकार की घेराबंदी में जुटा है। वहीं सत्ताधारी दल के विधायक प्रतीम लोधी ने इस पर अजीब बयान दिया है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने कहा कि दिग्विजय सिंह के समय सड़कें ओम पुरी जैसी हुआ करती थीं। अब हमारे समय में तो सड़कें श्रीदेवी जैसी कर दी हैं। लेकिन, अभी पानी गिर रहा है। अभी इंद्र भगवान से समझौता होना है। शिवपुरी के पिछोर से बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी सोमवार को विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने भोपाल पहुंचे थे। मीडिया ने खराब सड़कों को लेकर उनसे सवाल किया था।

बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी प्राइवेट कैब से विधानसभा पहुंचे। उन्होंने कहा ओला कैब से आने का एक ही कारण है कि इंद्र भगवान नाराज चल रहे हैं। बहुत पानी बरसा रहे हैं। सारी सड़कें वाटर पार्क हो गई हैं। हमारे पास नाव तो है नहीं, तैर कर नहीं आ सकते। मेरे पास छोटी गाड़ी थी इसलिए उस छोटी गाड़ी से नहीं आ सके तो हमने ओला गाड़ी कर ली।

**कटारे बोले- लोधी का बयान महिलाओं का अपमान**-भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के बयान को उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने महिलाओं का अपमान बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा - महिलाओं का अपमान, भगवान की अवमानना और भ्रष्टाचार की खुली दलाली यही बीजेपी की पहचान है।

उन्होंने लिखा- असली घमंड और भ्रष्टाचार की मिसाल मंत्री राकेश सिंह ने पेश की है। उनका बयान 'जब तक सड़कें हैं, गड्ढे होते रहेंगे' न सिर्फ जनता की तकलीफ का मजाक उड़ाता है, बल्कि यह साफ कर देता है कि बीजेपी में सत्ता पाने के बाद जनता की परेशानियों को ठेंगा दिखाना ही नीति है।

## सर्वर ठप होने से ग्वालियर में आईटीआई के छात्र नहीं दे सके परीक्षा

गुड इवनिंग, ग्वालियर

गवर्नमेंट इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ग्वालियर में सोमवार सुबह की शिफ्ट में होने वाला पेपर सर्वर ठप होने की वजह से नहीं हो सका। परीक्षा में देरी को लेकर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। इस पर प्राचार्य महेश आर्य ने एमपीसीवीटी भोपाल के अधिकारियों से बात की। जिस पर उन्होंने परीक्षा कराने वाली संबंधित एजेंसी से बात करने का आश्वासन छात्रों को दिया।

परीक्षा नहीं होने से छात्र बहुत देर तक हंगामा करते रहे। बाद में उनको बताया गया कि सोमवार को होने वाला पेपर कैंसिल कर दिया है। इस पर छात्रों का कहना था कि छात्र पूरे संभाग के कई जिलों से आए थे परीक्षा कराने वालों को इसको देखते हुए आज ही उनका पेपर कराना था। सुबह सर्वर नहीं चलने पर प्राचार्य ने भोपाल में एमपीसीवीटी के अधिकारी आरके आस्टिन से चर्चा की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि परेशानी कुछ देर में दूर हो जाएगी। लेकिन, पहले उनका सुबह का पेपर और फिर दोपहर का पेपर कैंसिल कर दिया गया।

**12 बजे की शिफ्ट में भी ठप रहा सर्वर**-सोमवार सुबह की शिफ्ट की परीक्षा नहीं होने पर बताया गया था कि दोपहर की शिफ्ट की परीक्षा कराई जाएगी, लेकिन सर्वर दोपहर में भी सही नहीं हुआ।

### छात्रों ने किया हंगामा, लगाए आरोप

परीक्षा नहीं होने और उसके बाद अचानक से परीक्षा कैंसिल करने की घोषणा से ग्वालियर-चंबल संभाग के विभिन्न जिलों से आए छात्रों ने हंगामा खड़ा दिया। छात्रों का आरोप था कि गवर्नमेंट आईटीआई ग्वालियर में खस्ता हाल व्यवस्थाओं के बावजूद परीक्षा सेंटर क्यों बनाया गया है। परीक्षार्थियों की मांग थी कि वह बाहर से परीक्षा देने आए हैं। संस्थान को परीक्षा आज ही करानी चाहिए थी।

## कोलास नदी किनारे बड़े तालाब के क्षेत्र में निर्माण

गुड इवनिंग, भोपाल

देश के महत्वपूर्ण वेटलैंड्स में शामिल भोपाल के बड़ा तालाब को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। तालाब को भरने वाली प्रमुख स्त्रोत कोलांस नदी के किनारे फुल टैंक लेवल क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायत पर्यावरण एक्टिविस्ट राशिद नूर खान ने भोपाल कलेक्टर और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से की है।

शिकायत के अनुसार, ग्राम ईटखेड़ी छाप के समीप दो अलग-अलग स्थानों पर कोलांस नदी के किनारे मुरम व पत्थर डालकर बड़े पैमाने पर भूमि भराव और निर्माण किया जा रहा है। एक स्थान पर निजी खसरा 635 पर एक ईंट भट्ठा बना हुआ है। उसके पीछे नदी के ठीक पास कोपरा भरकर पक्के कमरे और मकान बनाए जा रहे हैं। देखने में करीब एक एकड़ भूमि पर अवैध रूप से भराव किया है, जो न सिर्फ नदी के प्राकृतिक बहाव में बाधा बन रहा है, बल्कि वेटलैंड नियमों का भी स्पष्ट उल्लंघन है।

दूसरा निर्माण स्थल इसी के नजदीक, कोलांस नदी के पुल के नीचे पाया गया, जहां भारी मशीनों (पोकलिन) से काम चल रहा है। ग्रामीणों से पूछने पर भी यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आखिर वहां बनाया क्या जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, यह कार्य पूर्ण रूप से बिना अनुमति, चोरी-छिपे और कानून के विपरीत हो रहा है।

**नियमों की खुली अवहेलना**-राशिद नूर खान ने ब मांग की है कि प्रशासन तत्काल मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को रोके। दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी हेतु स्थायी व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने शिकायत में वेटलैंड (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है।

ग्वालियर में 339 गुंडा-हिस्ट्रीशीटर चेक किए, हर क्षेत्र में टीम की गश्त

# कॉम्बिंग गश्त में 237 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

गुड इवनिंग, ग्वालियर

*सोमवार की दरम्यानी रात पुलिस ने जिलेभर में कॉम्बिंग गश्त की। इस अभियान में 50 से अधिक पुलिस टीमों ने शहर और देहात क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई करते हुए 237 फरार, स्थायी और गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा और उन्हें हवालात भेजा। पुलिस टीमों ने 339 गुंडे और हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के घर और ठिकानों पर पहुंचकर चेकिंग की और पूछा कि क्या वे किसी नए अपराध में लिप्त हैं। सड़कों पर संदिग्ध वाहनों की जांच की गई और असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई।*



**एसएसपी ने लिया जायजा**-इस अभियान की निगरानी एसएसपी धर्मवीर सिंह ने की। उन्होंने शहर में भ्रमण कर कार्रवाई का जायजा लिया और पुलिस अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इससे पहले, पुलिस बल को सर्कल वाइज ब्रीफिंग दी गई और उसके बाद टीमों को गश्त के लिए रवाना किया गया।

एडिशनल एसपी कृष्ण लालचंदानी, सभी एएसपी, सीएसपी और डीएसपी ने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ अभियान में भाग लिया। पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी और पैदल गश्त भी की।

**होटल, लॉज, ढाबों और धर्मशालाओं में भी छापेमारी**-पुलिस ने गश्त के दौरान न सिर्फ अपराधियों के घरों की जांच की, बल्कि होटल, लॉज, ढाबे और धर्मशालाओं की भी तलाशी ली। साथ ही बैंक एटीएम के आसपास भी निगरानी रखी गई। मुंह बांधे दोपहिया वाहन चालकों और संदिग्ध वाहनों की विशेष चेकिंग की गई।

### अपराधियों को चेतावनी, रिकॉर्ड किया गया अपडेट

पुलिस ने कई सक्रिय बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की और उनके रिकॉर्ड अपडेट किए। हाल ही में जेल से छूटे आरोपियों की भी चेकिंग की गई। अपराधियों को साफ चेतावनी दी गई कि अगली बार किसी भी आपराधिक गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी धर्मवीर सिंह ने कहा, अपराधियों की सही जगह हवालात है। जिले में अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। कॉम्बिंग गश्त इसी का हिस्सा है, जिससे अपराधियों में भय और आम जनता में विश्वास बना रहे।

कॉम्बिंग गश्त के दौरान ग्वालियर और देहात क्षेत्रों में कुल 120 स्थायी वारंटी और 117 गिरफ्तारी वारंटी पकड़े गए। पुलिस ने 183 गुंडों और 156 हिस्ट्रीशीटर की चेकिंग की। इसके अलावा, ग्वालियर थाने में अवैध शराब का एक प्रकरण और डबरा देहात में दो प्रकरण दर्ज किए गए। अन्य मामलों में आठ अलग-अलग कार्रवाई की गई।

# पानी से बचने के लिए छत पर डाली बरसाती

## भारी अव्यवस्था: खातेगांव विकासखंड के कई स्कूलों के हाल-बेहाल






गुड इवनिंग, खातेगांव

क्षेत्र के कई शासकीय स्कलों में टपकती छतों और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण विद्यार्थियों को बारिश के दिनों में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा। ऐसी परिस्थिति शिक्षकों द्वारा स्कूलों पर पन्नी और तिरपाल चढ़ाकर काम चलाया जा रहा है। क्षेत्र में कई विद्यालय ऐसे भी है जिनमें कमरों में प्लास्टर गिर रहा है।

माध्यमिक विद्यालय पटरानी 3 कमरों का स्कूल है जिसमें 69 बच्चें दर्ज है। 2 कमरों में बारिश का पानी टपकता है शाला प्रभारी सुनीता राठौड़ ने बताया कि हमने 2 कक्षों पर तिरपाल चढ़वाई है लेकिन पानी फिर भी टपकता है। बच्चों ने बताया कि जब बारिश अधिक होती है तब हमें गीले में बैठकर ही पढ़ाई करनी पड़ती है। प्राथमिक विद्यालय लकड़ानी में 40 बच्चे दर्ज हैं यहां दो कमरों का स्कूल है लेकिन दोनों में ही बारिश का पानी टपकता है शिक्षको द्वारा यहां पर एक कमरे में पन्नी चढ़वाई गई है। माध्यमिक विद्यालय निवारदी में 64 बच्चे दर्ज हैं यहां पर भी शिक्षकों द्वारा स्कूल पर तिरपाल डलवाई गई है। प्राथमिक विद्यालय बिल्लीकुंड में 34 बच्चे दर्ज है शिक्षकों द्वारा यहां पर भी पन्नी चढ़ाई गई है। प्राथमिक विद्यालय माना में 42 बच्चे दर्ज है शाला में बारिश का पानी टपकता है शिक्षक द्वारा कमरों पर पन्नी चढ़वाई गई है। प्राथमिक विद्यालय आदिवासी बस्ती काकड़कुई में 18 बच्चे दर्ज है यहां 2 कमरों का स्कूल है 1 कमरे में छत का प्लास्टर गिर रहा है। एकीकृत शाला माध्यमिक विद्यालय रतनपुर में 159 बच्चे दर्ज है अध्यापन कार्य के लिए 7 कमरे हैं । जिसमें से तीन कमरों में बारिश का पानी टपकता है शिक्षकों द्वारा यहां पर भी 3 कमरों पर पन्नी चढ़ावा कर काम चलाया जा रहा है।

कन्या प्राथमिक विद्यालय हरणगांव में 85 बच्चे दर्ज है अध्यापन कार्य के लिए कुल 4 कमरे हैं। जिनमें से तीन कमरों में बारिश का पानी टपकता है।

एकीकृत शाला माध्यमिक विद्यालय हरणगांव में 231 बच्चे दर्ज है यहां कुल 6 कमरों का स्कूल है जिनमें से 3 कमरों में बारिश का पानी टपकता है शिक्षकों के द्वारा तीन कमरों पर पन्नी चढ़ावा कर फिलहाल काम चलाया जा रहा है। यहां कक्षा 6 टी के विद्यार्थियों ने बताया कि डेस्क के अभाव के कारण हमें नीचे नीचे बैठकर पढ़ाई करना पड़ता है। स्कूल में बाउंड्रीबाल नहीं होने के कारण आवारा मवेशी शाला भवन के सामने स्कूल परिसर में गोबर कर जाते है। मा.वि. की छात्राओं ने बताया कि स्कूल में बालिका सुविधा घर अत्यंत पुराना हो जाने के कारण बदहाल हो गया है मजबूरी वश हमे टॉयलेट करने बाहर ही जाना पड़ता है। विद्यार्थियों ने बताया कि हमें प्रतिवर्ष यह समस्या रहती है इसके बारे में हमारे द्वारा शिक्षकों को बार-बार बोला भी जाता है किंतु आज तक भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

---

### ग्राम पंचायत बीड का मामला

# लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद मुक्तिधाम मार्ग हो रहा खस्ता हाल

### जिम्मेदारों की लापरवाही से अंतिम सफर की राह भी नहीं आसान, ग्रामवसियों में आक्रोश

गुड इवनिंग, मूंदी

*पुनासा जनपद की ग्राम पंचायत बीड जहां जिम्मेदार सरपंच सचिव की अनदेखी लापरवाही से बीड़ का मुक्ति धाम जहां लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद भी आज भी दैनिक स्थिति में खस्ता हालत में है। यहां पर व्यक्ति के अंतिम सफर में भी मुश्किलें का सफर है और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।*





रविवार को ग्राम में एक गमी हो जाने के उपरांत जब अंतिम यात्रा लेकर ग्रामीण पहुंचे तो पहुंच मार्ग जर्जर वह भारी कीचड़ जल भराव की स्थिति में था भारी जल भराव के अंदर से पंक्ति में यात्रा को लेकर ग्रामीण जैसे तैसे मुक्तिधाम तक पहुंचे सावल उठता है कि पुनासा जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बीड़ जहां बताते हैं कि सरपंच सचिव ने लाखों रुपए खर्च किए जिसकी जांच की दरकार है। मुक्तिधाम मार्ग सुधार की जरूरत है लाखों खर्च हो गए पर पुनासा जनपद के जवाबदारों की कानों तक जूं भी नही रेंगी है। मुक्तिधाम में लगा टीन शेड भी टूटे-फूटे खड़े पिलर यह बताते हैं कि मुक्तिधाम पर कितना निर्माण कार्य हुआ है मुक्तिधाम मार्ग को लेकर ग्रामीणों ने गुस्सा जाहिर किया और रविवार को जब अंतिम यात्रा लेकर पहुंचे। सरपंच सचिव के खिलाफ आक्रोश जताते हुए मुक्तिधाम के नाम पर हुए खर्च को लेकर जांच की मांग की।

#### पिछली कई शिकायत आज तक लंबित

पुनासा जनपद की ग्राम पंचायत बीड़ में पिछली कई शिकायत जनपद पंचायत पुनासा को की गई । पर विडंबना है कि जाच के नाम पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई शिकायतों का निराकरण भी नहीं हुआ और वह फाइलों में दब कर रह गई ग्राम पंचायत में कहीं ज्वलंत समस्या है वार्डो में नालियों में कचरा भरा पड़ा है साफ सफाई नहीं है ग्राम पंचायत में सचिव नहीं आता हमेशा ताला लगा रहता है।

#### कलेक्टर से करेंगे शिकायत

ग्रामवासियों का कहना है कि शीघ्र ही ग्रामीण खंडवा कलेक्टर से मुलाकात कर ग्राम पंचायत बीड के लेखाजोखा और निर्माण कार्य पर निकले गए लाखों रुपए जांच की मांग रख कारवाई की बात करेंगे वहीं क ई जगह नुक्कड़ चौराहा पर सरकारी ओटले बता दिए गए नाली रोड निर्माण बता दिए गए जबकि विकास के नाम पर ग्राम पंचायत में कोई कार्य नहीं हुआ है पर कागजों जरुर पुरा किया गया होगा सरपंच सचिव के साथ साथ पुनासा जनपद के अधिकारियों की भी मिलिभगत शामिल हैं जिससे सारी शिकायतों पर आज तक कोई जांच नहीं हो पाई । वही पंचों का कहना है कि ग्राम पंचायत में एक भी मीटिंग नहीं ली सब फर्जी हस्ताक्षर कर से काम किया जा रहा है ग्राम सभा में कोई ग्राम सभा अनुमोदन प्रस्ताव एजेंडा नहीं लिए गए सरपंच सचिव की मनमानी ग्राम पंचायत में चरम पर है जो सचिव है ग्राम पंचायत में आता ही नहीं है पूरे मामले में जिला कलेक्टर महोदय से मिलकर मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री के नाम ज्ञापन भी दिया जाएगा।

---

## कन्नोद के सिद्धेश्वर मंदिर में लगी कतार, सुबह से दर्शन को पहुंचे भक्त



**कन्नोद।** श्रावण मास में भोले की भक्ति का सिलसिला जारी है। सोमवार को आष्टा रोड स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर भगवान का आकर्षक शृंगार किया गया। सुबह से मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान का पूजन-अर्चन किया।

## हर हर महादेव के जयघोष से गूंजा बाग





गुड इवनिंग, बाग

श्री शंभु दल कांवड़ यात्रा संघ द्वारा निसरपुर के समीप कोटेश्वर तीर्थ से बाग के श्री महाकालेश्वर मंदिर तक 38 किमी लंबी कांवड़ यात्रा निकाली गई। कोटेश्वर तीर्थ से मां नर्मदा जी का कांवड़ में जल भरकर कांवडिए बाग पहुंचे। यात्रा में 48 के करीब कांवडिए शामिल थे। यात्रा कोटेश्वर से कुक्षी होते हुए बाग पहुंची। बाग में जैसे ही कांवड़ यात्रा ने प्रवेश किया तो धूमधाम से जुलूस निकाला गया। जुलूस सुंदर गार्डन से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए महाकालेश्वर मंदिर पहुंचा। यहां पर भगवान महाकाल की आरती उतारी गई। यात्रा में प्रतिदिन रात्रि के समय भजन-कीर्तन का दौर भी चला।

---

## 151 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



गुड इवनिंग, खातेगांव

खातेगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत अमेली में ऑल इंडिया कोमी तंजीम जिला देवास द्वारा वार्ति हॉस्पिटल इंदौर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन प्रा वि. अमेली में किया गया। इसमें आस पास के ग्राम गनोरा, देवला, खेड़ा, जियागांव आदि ग्रामों के 151 मरीजों की मुफ्त जांच की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाजी शब्बीर खान कोमी तंजीम के अध्यक्ष टाकलीखेड़ा इंडियन गार्डन एवं अध्यक्षता हाजी खब्बास खां सरपंच ने की। विशेष अथिति एहले इस्लाम के अध्यक्ष जाहिद टेलर थे । संचालन डॉ.मो. अकबर खान प्रदेश सचिव ने किया । इस अवसर पर कम्मू खा पंच, डॉ. मकबूल खान, खालिद खान इरउ नर्सिंग, कमाल खान, अय्यूब टेलर, सुज्जु भय्या, गोकुल हरयाले, दयाराम धुर्वे आदि का भरपूर सहयोग रहा।

---

### मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक में मंदिर के विकास कार्यों पर चर्चा

# ओंकारेश्वर में मंदिर के विकास को लेकर तैयार होगी डीपीआर

गुड इवनिंग, खंडवा

ओकारेश्वर में स्थित ममलेश्वर मंदिर की नवगठित प्रबंधन समिति की पहली बैठक सोमवार को ओंकारेश्वर स्थित एकात्मक धाम परियोजना कार्यालय के सभा कक्ष में हुई। बैठक में मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल, कमिश्नर इंदौर संभाग श्री दीपक सिंह के साथ-साथ कलेक्टर खंडवा ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय, नगर परिषद ओंकारेश्वर की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा परिहार एवं एसडीएम पुनासा श्री शिवम प्रजापति सहित अन्य अधिकारी तथा मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यगण मौजूद थे। बैठक में कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि मंदिर में प्रचलित परंपराओं में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, सभी परंपराओं का पहले की तरह ही पालन किया जाएगा।



कमिश्नर श्री दीपक सिंह ने कहा कि ममलेश्वर मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने तथा वहां आने वाले श्रद्धालुओं को पहले से अधिक सुविधाएं देने के उद्देश्य से मंदिर प्रबंधन समिति का गठन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रबंधन समिति की अगली बैठक में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाए।

कमिश्नर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि ममलेश्वर मंदिर परिसर में विकास कार्यों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के माध्यम से तैयार कराई जाए, और उसी के हिसाब से मंदिर परिसर में विकास कार्य किए जाएं। उन्होंने मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाकर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन समिति की तरह ओंकारेश्वर के स्थानीय अधिकारियों को शामिल करते हुए एक कार्यकारी समिति गठित करने के निर्देश भी दिए और कहा कि कार्यकारी समिति की बैठक हर माह आयोजित की जाए तथा मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक प्रत्येक 3 माह में आयोजित की जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में बताया कि ममलेश्वर मंदिर की वेबसाइट बना ली गई है, वेबसाइट के माध्यम से मंदिर से संबंधित जानकारी कहीं भी बैठकर प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में ममलेश्वर मंदिर के लाइव दर्शन की सुविधा भी वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शीघ्र दर्शन, पार्थेश्वर पूजन, कालसर्प पूजन, जलाभिषेक जैसी सुविधाएं भी वेबसाइट के माध्यम से श्रद्धालुओं को ऑनलाइन ही मिलने लगेगी। बैठक में ममलेश्वर मंदिर में पूजा के समय एवं परम्पराओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की व्यवस्था, प्रोटोकॉल व्यवस्था, मंदिर में नियुक्त कर्मचारियो के मानदेय, मंदिर में विकास कार्य करवाने की प्रकिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री गुप्ता ने आभार प्रदर्शन किया। बैठक में एसडीएम श्री प्रजापति ने ममलेश्वर मंदिर के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी।

# कारगिल विजय दिवसः शौर्य, संकल्प और राष्ट्र निर्माण की अमर गाथा



राजकुमार जैन, स्वतंत्र विचारक एवं लेखक

### वो जो शहीद हुए, उनको क्या जवाब दें, झुका नहीं जो तिरंगा, उसका हिसाब दें

इन पंक्तियों का लेखक शायद यही कहना चाह रहा होगा कि कारगिल विजय दिवस के रूप में 26 जुलाई, सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। यह दिन उन वीर सपूतों के असाधारण पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान को याद करने का है, जिन्होंने देश की आन, बान और शान के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह दिवस हमें साहस, बलिदान और एकता जैसे राष्ट्रीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है और युवाओं को देशभक्ति, साहस और नेतृत्व अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

1971 के युद्ध के बाद परमाणु परीक्षण और लगातार जारी भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान शांति स्थापित करने के उद्देश्य से 1999 में लाहौर घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर तो हुए, लेकिन पाकिस्तान ने धोखे से कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ की साजिश रची। पाकिस्तानी सेना का मकसद रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चोटियों पर कब्जा कर जम्मू-कश्मीर को लद्दाख से जोड़ने वाले राजमार्ग को काटना और कश्मीर मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण करना था। 3 मई 1999 को एक स्थानीय चरवाहे ताशी नामग्याल द्वारा घुसपैठियों की सूचना के बाद भारत ने त्वरित और निर्णायक प्रतिक्रिया दी।

भारत सरकार ने 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया और 2 लाख सैनिकों को कारगिल भेजा। 16,000-18,000 फीट की अत्यधिक ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी, -10°C से -20°C तापमान और 90 डिग्री सीधी चढ़ाई ने भारतीय सैनिकों के लिए असहनीय परिस्थितियां उत्पन्न कीं। दुश्मन की ऊंचाई पर मौजूदगी ने चुनौती को और भी गंभीर बना दिया था। ऐसे में 26 मई को वायुसेना का 'ऑपरेशन सफेद सागर' आरंभ हुआ। मिग-21, मिग-27 और जगुआर विमानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मिराज-2000 विमानों ने पहली बार लेजर-गाइडेड बमों का प्रयोग कर टाइगर हिल और दुश्मन ठिकानों को ध्वस्त किया। यह पहली बार था जब भारतीय वायुसेना ने इतनी ऊंचाई पर बिना नियंत्रण रेखा पार किए पूर्णतः आक्रामक हवाई कार्रवाई की।

कारगिल युद्ध भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान का जीवंत प्रमाण है। इस युद्ध में लगभग 527 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए और 1400 से अधिक घायल हुए, जिन्होंने देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्हें पाकिस्तानी सेना भी शेरशाह कहकर पुकारती थी, ने अपने अदम्य साहस से दुश्मन के छक्के छुड़ा दिए। उनका प्रसिद्ध नारा यह दिल मांगे मोर आज भी युवाओं के दिलों में जोश भरता है। लेफ्टिनेंट मनोज पांडेय ने अपनी वीरता से सिद्ध कर दिया कि भारतीय सैनिक मातृभूमि की सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार रहते हैं। राइफलमैन संजय कुमार और ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव जैसे वीरों ने भी परम वीर चक्र प्राप्त कर भारतीय सेना के गौरव को बढ़ाया।

कैप्टन सौरभ कालिया का बलिदान कारगिल युद्ध की शुरुआत का एक दुखद और मार्मिक अध्याय है। 5 मई 1999 को उन्हें और उनके 5 साथियों को पाकिस्तानी फौज ने बंदी बना लिया था और 20 दिनों तक अमानवीय यातनाएं दी गई थीं, जिसके बाद उनके शवों को क्षत-विक्षत कर दिया गया।



ब्रिगेडियर खुशहाल ठाकुर के नेतृत्व में 18 ग्रेनेडियर्स ने तोलोलिंग और टाइगर हिल पर विजय प्राप्त की। उनकी यूनिट को 52 वीरता पुरस्कार मिले, जो एक रिकॉर्ड है।

लगभग 60 दिनों तक चला यह युद्ध अंततः 26 जुलाई 1999 को भारत की विजय के साथ समाप्त हुआ। कारगिल विजय दिवस भारत के शौर्य, संकल्प और बलिदान की एक शाश्वत गाथा है। यह हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता और सुरक्षा आसानी से नहीं मिलती, बल्कि यह अनगिनत बलिदानों और निरंतर कर्तव्य पालन का परिणाम है। यह दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि कर्तव्य बोध का दर्पण है।

इस विजय अभियान के दौरान भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय दिया और इस अनुभव ने भारत को भविष्य के युद्धों के लिए अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने और स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया, जिससे देश में तकनीक पर विशेष जोर बढ़ा। कारगिल को भारत के रक्षा आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक माना जाता है।

आज के डिजिटल युग में जब हम मोबाईल, स्टार्टअप, शेयर बाजार, सोशल मीडिया और सेल्फी की दुनिया में रहते हैं तब यह नहीं भूलना चाहिए कि राष्ट्र निर्माण केवल सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं है। सैनिकों का बलिदान हमें सिखाता है कि राष्ट्र की रक्षा हर नागरिक के दैनिक कार्यों में निहित है। जब हम भ्रष्टाचार और स्वार्थ में लिप्त होते हैं, तब सीमा पर तैनात सैनिक हमसे ईमानदारी और निष्ठा की मांग करता है।

एक शिक्षक जब सच्चे नागरिक बनाता है, किसान जब अन्न उपजाता है, डॉक्टर, वैज्ञानिक और सफाईकर्मी जब अपना कर्म ईमानदारी से करते हैं, तो वे देश की फौलादी दीवार बनते हैं। देशभक्ति केवल नारा नहीं, बल्कि कर्म की पुकार है, जब आप सड़क पर कूड़ा नहीं फेंकते, रिश्वत नहीं देते, संविधान का पालन करते हैं तब आप एक मजबूत भारत के निर्माण में अपना योगदान देते हैं।


कारगिल विजय दिवस हमें सिखाता है कि कोई भी चुनौती संकल्प, एकता और मेहनत से बड़ी नहीं होती। आज जब भारत चंद्रयान, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर है, ये सब कारगिल के साहस की अगली कड़ियां हैं। यह दिन हमें संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि हम अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें और सशक्त, समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान दें।

कारगिल विजय दिवस हमें यह भी सिखाता है कि कोई भी चुनौती इतनी बड़ी नहीं होती जिसे संकल्प, एकता और मेहनत से पार न किया जा सके। आज भारत नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है - चंद्रयान, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत - ये सब कारगिल के साहस की अगली कड़ियाँ हैं। ये तभी सार्थक होंगी जब हर भारतीय अपने जीवन को कर्तव्यमयी, नैतिक और प्रेरणादायक बनाएगा।

इस 26 जुलाई को मनाया जा रहा 26वां कारगिल विजय दिवस युवाओं से आान करता है कि वे अपने भीतर के 'विक्रम बत्रा' को पहचानें। युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति है। अगर हर युवा यह संकल्प करे कि वे आलस्य नहीं करेंगे, सोशल मीडिया पर फालतू समय बर्बाद नहीं करेंगे, और अपने माता-पिता, समाज तथा देश के प्रति कर्तव्यों को गंभीरता से निभाएंगे, तो यकीन मानिए, एक नहीं, हजारों कारगिल विजय हर दिन संभव होंगे।

यह दिन हमें यह संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है कि हम अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें और एक सशक्त, समृद्ध और गौरवशाली भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ, हम अपने शहीदों को नमन करते हैं और एक विकसित राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ते रहने का प्रण लेते हैं।

# जीवनः ऐसे जियो जैसे तुम जीवित हो!



नीना जैन
लाइफ कोच
न्यू जर्सी
अमेरिका

**क्या आप सच में जी रहे हैं...**
**या बस निभा रहे हैं?**
**जीवन का अर्थ सिर्फ सांस लेना नहीं,**
**बल्कि हर सांस में एक उद्देश्य**
**महसूस करना है।**
**मजबूत होने का अर्थ यह नहीं**
**कि आप पत्थर बन जाएं,**

ना भावनाएं दिखाएं, ना बदलाव स्वीकारें। सच्ची मजबूती सभी भावनाओं को स्वीकारते हुए जीना है। जिंदगी किसी मुश्किल से भागने में नहीं बल्कि उसको अपने ऊपर हावी न होने देना है। भावना का सच्चा आवेग किसी दुख में अति विचलित न होने और सुख में आती उत्साहित न होने में है। सच्ची मजबूती बिना किसी नकाब के जीने में है।

सच्ची मजबूती तब है जब आप वो हर नकाब उतार सकें जो समाज ने, हालात ने या डर ने आपके चेहरे पर चढ़ा दिए हैं।

जो छवि अब काम नहीं कर रही,
उसे तोड़ देना ही असली विकास है।
हर दिन का फैसला
सही या गलत, सफल या असफल
आपको उस जीवन के करीब लाता है
जो आप वाकई जीना चाहते हैं।

हर हार,हर दुख, एक मोड़ है – मंज़िल नहीं।

जीवन में हार आएगी, दुख आएंगे लोग साथ छोड़ेंगे, हालात तोड़ेंगे...

लेकिन ये सब आपको तोड़ नहीं सकते – जब तक आप खुद हार नहीं मानते।

जिन परिस्थितियों को बदला जा सकता है,
उन्हें बदल डालिए साहस से।
और जो नहीं बदली जा सकती,
उन्हें स्वीकार कर लीजिए शांति से।
कब तक लड़ोगे अपने ही बनावटी 'स्व' से?
खुद को स्वीकारो और वही रहो जो सच में हो!
जीवन एक यात्रा है – मंज़िल नहीं।
यह सफर स्थायी नहीं है।
हर दुख, हर खुशी, हर रिश्ते, हर मोड़ –
बस क्षणिक पड़ाव हैं, स्थायी सत्य नहीं।
आप सब कुछ नहीं संभाल सकते,
और ना ही आपको ऐसा करना चाहिए।
क्योंकि सब निश्चित है।
अब मुस्कुराइए – क्योंकि यही जीने की शुरूआत है।
जहां हो वहीं से शुरू करो।
खुशियाँ कहीं और नहीं –
आपके इसी क्षण में छुपी हैं।

जीवन आपको हिला देगा, गिरा देगा, तोड़ेगा भी

लेकिन आप उठेंगे – और यही आपकी जीत होगी।

याद रखिए जो जीवन को पकड़ता है, वह जीना भूल जाता है। जो जीवन को बहने देता है, वह जीवन बन जाता है।

असली आजादी तब है जब आप अपनी छवि को तोड़ने से न डरें।

मजबूत वही है, जो समय के साथ बदलना जानता है।

हर दुख सुख में समता भाव रखिए थोड़ा मुश्किल है लेकिन आसान में मजा भी कहां है।

मुस्कुराइए, स्वीकार कीजिए, और आगे बढ़िए। जीवन आपका इंतजार कर रहा है – पूरे रंग में।

# इस छल-फरेब की दुनिया में गुजारा अब न होगा...



पीहू मजुमदार, बालाघाट मध्य प्रदेश

हमें सच्चे अपनेपन की तलाश ने मुसाफिर बना दिया,
झूठे लोगों की महफिलें सजाते हमने
अपना सब कुछ गंवा दिया,
जैसी मिली वैसी गुजरी कहा जिंदगी
दिखावे ने सर्कस का जोकर बना दिया,
घुटन ताउम्र दफन कर सीने में
खुद को नुमाइश का बाजार बना दिया ,
है चारों तरफ भीड़ आज भी लोगों की।
जरूरत पर सबने रस्ता दिखा दिया,
दिखावा, दिखावा सब कुछ है दिखावा ,
इस दिखावे ने अपना सब कुछ लुटा दिया,
नकाबों की दुनिया में हंसी भी अब झूठी है,
बनावटी रिश्ते, दिल में कुछ और शब्दों में कुछ और
इस छल-फरेब की दुनिया में गुजारा अब न होगा।

# झूमती ...झूलती... बरसती यादें सावन की..



विजया डालमिया, हैदराबाद



झूमता मौसम, मस्त महीना कहते के साथ ही सावन याद आ जाता है। सावन अकेले नहीं आता। अपने साथ लाता है झूले की मस्ती... सजनी का श्रृंगार और बारिश की रिमझिम फुहार, जिन में कितने ही संदेश छुपे होते हैं। सावन की घटाएं छाते ही राखी का त्यौहार हर नारी के मन को अपने मायके की गलियों में, अपने बीते बचपन को ढूंढने ले जाता है। बेटियां आंगन की चिड़िया होती हैं। लेकिन जैसे ही सावन आता है, राखी का त्यौहार उन्हें बाबुल के आंगन की सैर करवा ही देता है। बारिश की बौछारें यादों को हरा -भरा कर देती है। हर बेटी को माँ का आंचल बनकर... भाई की मनुहार व बाबुल का दुलार झूला बनकर झूला देते हैं। जिस आंगन से नए रिश्तो की मेहंदी लगाकर वह निकली थी उसी आंगन की सौंधी-सौंधी महक उसे हर सावन में पुकारती है। हर बूंद धरती में ही नहीं मन में भी रिश्ते बोती जाती है। तभी तो सावन जैसा कोई महीना नहीं।

यादों की पगडंडी अक्सर अमराई की खुशबू पर जाकर रुक जाती है। याद आते हैं वह झूले जो सावन की तीज के बहाने अरमानों को ले जाते थे उस जगह जहाँ कच्चे आम और फूलों की खुशबू से अमराई महकते रहती थी। मेहंदी से रचे हाथ.... हाथों में खनकती चूड़ियां.... पांव में पायल और होठों पर मस्ती भरे तराने... सब मिलकर मानो अमराई को सजा देते। समझ नहीं आता था यह हवाएं शोर मचा रही है या झूलों की मस्ती गीत गा रही है?.... कैरी खाते हुए जब झूला झूलते तो खट्टे -मीठे चटकारो के साथ मजा दुगना हो जाता। तिस पर कंपटीशन के साथ... किस का झूला कितना ऊंचा जाएगा.... कौन कितनी देर तक झूलेगा... दिल को एक नए जोश से भर देता था। अल्लहड़पन लिए सुरीली हँसी - मजाक के साथ झूले मस्ती के साथ जिंदादिली देते हैं।

रिमझिम फुहार हो....दिल में किसी का प्यार हो तो वह किसी त्योहार से कम नहीं होता। किसी ने क्या खूब कहा है कि....


आम के पेड़ पर झूला तेरी बाँहों-सा हो
चिड़िया, कौवा कितने ही परिंदों का आशियाना हो।

प्रकृति के साथ जीना अपने आप में कितना खूबसूरत होता है यह हमने देखा है। सावन के आने पर कोयल और पपीहे का कूकना, पक्षियों का चहकना मानो सारे अपने-अपने अंदाज में उस हरी-भरी ऋतु का स्वागत कर रहे हों जिसे हम हरियाला सावन भी कहते हैं।

बचपन की यादों में झूला झूलना याने बचपन में पहुंच जाना जो सबसे हसीन....मासूम ,मगर चंचल और मस्ती भरा होता है ।ट्रेन से गुजरते हुए आम के पेड़ों पर जब नजर जाती तो मुंह में पानी आ जाता। खेतों की लहराती अमराई से घर के आंगन तक सब कुछ प्रकृति से जुड़ा होता था। घर के आंगन में ही आम के पेड़ों पर रस्सियों के बीच चादर या टायर लगाकर झूला झूलना सच बहुत मजा देता था ।अब ना वो झूले रहे ना वो गीत क्योंकि अब किसी के पास समय और सुविधा नहीं रही। हालांकि इन पलों को जीना सभी को अच्छा लगता है ।सच तो यह है कि सौंदर्य,श्रृंगार और प्यार के भावों की अभिव्यक्ति करने ही सावन आता है ।तभी तो किसी ने क्या खूब कहा है... तुम्हें गीतों में ढालूंगा सावन को आने दो....

**क्यों ना हम भी भागदौड़ वाली**
**जिंदगी में से एक दिन चुरा लें**
**हम सब मिलकर फिर से झूलों पर**
**वही उड़ान भर लें**
**मेहंदी रचे हाथों से पी को निहार लें**
**सावन के गीत गाकर मस्ती भरी फुहार**
**को पुकार लें**
**एक बार फिर माँ के आंगन में दौड़**
**लगा लें**
**चलो चलते हैं अबकी बार यादों की**
**अमराई में**
**सखियों को बुलाकर गीत**
**पुराने गा लें .....**

## सावन में बदली बूंद-बूंद को तरसाती है



सीमा शर्मा तमन्ना, नोएडा उत्तर प्रदेश

वो जमाना और वो नन्ही सी चिड़िया जो,
आकर सवेरे - सवेरे शोर मचाती थी
चुगने को चंद दाने वो अनाज के
अंगना में खुश होकर चहचहाती थी
नवविवाहित बेटियां ससुराल से आकर
मां बाबुल के घर पहला सावन बिताती थीं
महक जाती थीं स्नेह से उनके तमाम गलियां
घर की देहरी द्वार स्वतः ही मुस्कुराती थीं
बतियाती, सखियां संग बातें अनगिनत फिर
मिलजुल कर सब सावन के गीत गाती थीं
झूलों पर बैठे -बैठे शाम हो जातीं नहाकर
सावन इस तरह शरमाती इतराती थीं मगर!
आज के इस आधुनिक मशीन दौर में ...
सुना सूना सा वह आंगन और सुनी सूनी,
हर घर की वह मुंडेर ,देहरी नजर आती है।
आज ! देखने को मिलते नहीं दरख्तों के पर,
बैठे परिंदे और ना ही उन पर अब कोई भी
चिड़िया ही चहचहाती है........
छाया है केमिकल आवरण आज कलेजे पर
इस सम्पूर्ण धरा से लेकर व्योम तक के।
सावन में नहीं पडते हैं झूले अब और!
ना वो सखियां ही अब गुनगुनाती हैं
न तीज त्योहारों की सी वह रौनक अब
सावन में बदली भी बूंद -बूंद को तरसाती है।

# सारंगपुर में गाय के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## 24 घंटे में पुलिस ने खंगाले 70 से अधिक कैमरे, आरोपी का निकला जुलूस

गुड इवनिंग, सारंगपुर

बीते दिन शहर के अकोदिया रोड के समीप शासकीय कन्या स्कूल में पदस्थ शिक्षक ने गाय के साथ कुकर्म का प्रयास किया। पुलिस ने 24 घंटे में 70 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के बाद नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित सर्व समाज द्वारा घटना की निन्दा कर आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। मामला वायरल होने के साथ साथ बजरंग दल कार्यकर्ता अभिषेक गिरजे ने पुलिस एसपी अमित तोलानी से आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग कर थाने में शिकायत दर्ज कराई। सारंगपुर थाना पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से बीती रात आरोपी को चिन्हित करने के बाद सोमवार को अरेस्ट कर लिया। वही अंजुमन कमेटी सदर ने शिक्षक का समाज से बहिष्कार किए जाने की बात मीडिया से कही है।

पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिषेक गिरजे ने प्रशासन को बीते दिन का एक सीसीटीवी फुटेज सौंपा। हिंदू समाज के लोगों ने बताया कि अकोदिया नाका ओल्ड एबी रोड पर सड़क किनारे बैठी एक गाय से एक व्यक्ति कुकर्म करने की कोशिश कर रहा था। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हिन्दू समाज ने संज्ञान लिया मामले को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल अपराध क्रमांक 507/25 आईपीसी की धारा 298 व अप्राकृतिक यौन सबंध बनाने की धारा में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक तोलानी ने बताया कि जांच में सामने आया कि गाय से कुकर्म की कोशिश करने के आरोपी की पहचान मोहम्मद रशीद पिता मोहम्मद रईस के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जैसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## घटना पर सरकार सख्त, टेटवाल बोले आस्था पर हमला बर्दाश्त नहीं



सारंगपुर की इस घटना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अत्यंत गंभीरता से लेते हुए कहा कि ऐसे जघन्य और घृणित कृत्य को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार हर धर्म, परंपरा और समुदाय का सम्मान करती है। लेकिन यदि कोई व्यक्ति या समूह सामाजिक समरसता को भंग करने अथवा धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाने का दुस्साहस करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त दंड सुनिश्चित किया जाएगा।

मध्यप्रदेश शासन में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने भी गहरी पीड़ा और चिंता प्रकट की है। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने का यह कार्य अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। मैंने व्यक्तिगत रूप से प्रशासन से बात कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आमजन से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सरकार और प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा, और वह भी पूरी संवेदनशीलता एवं दृढ़ता के साथ।

### कालीसिंध नदी अभी भी खाली, सारंगपुर में 24 घंटे में 26 मिलीमीटर बारिश

# रातभर बरसा पानी, फिर भी जिले में सबसे पीछे सारंगपुर तहसील

गुड इवनिंग, सारंगपुर





सारंगपुर क्षेत्र में बीते तीन दिनों से रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। जिससे बीते 24 घंटे में (रविवार सुबह 8:00 से सोमवार सुबह 8:00 बजे) तक 26 किलोमीटर औसत बारिश दर्ज की गई है। सोमवार सुबह के समय से ही बादल छाए हुए रहे साथ ही सुबह लगभग कुछ समय तक झमाझम बारिश हुई। इसके बाद रिमझिम का दौर जारी रहा। तहसील में अब तक 329 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इस अवधि में मात्र 485 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई थी। सारंगपुर तहसील में सामान्य औसत वर्षा 1040 मिमी के मुकाबले मात्र 31 फीसदी वर्षा हुई है। जिले की सभी 7 तहसीलों में सारंगपुर तहसील बारिश के मामले में सबसे पीछे है।

**कालीसिंध में नहीं आया पर्याप्त पानी**-वर्षा के इस सीजन के करीब दो माह गुजरने के बाद कालीसिंध नदी में पर्याप्त पानी नहीं आया है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि में बांध के बीच से तेज गति से बारिश का पानी बहने लगा था। जबकि इस वर्ष यह नदी खाली दिखाई दे रही है, हालांकि कुछ दिन पूर्व नदी के डेम से पानी बह निकला है जिससें शहरवासियों एवं नगरपालिका प्रशासन ने राहत की सांस तो ली है क्योंकि कालीसिंध नदी पर बने डेमो से ही नपा नगर में जल सप्लाई करती है। नदी में पानी आने से नपा को नलो में जल सप्लाई करने में किसी तरह से कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

### लीमा चौहान की उतावली नदी के पुल पर आया पानी

दिनभर क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण लीमा चौहान से गुजरी उतावली नदी उफान पर आ गई। बारिश के चलते संडावता-सारंगपुर मार्ग पर वाहनों के पहिया कुछ देर के लिए थम गए लेकिन फिर आवागमन पानी उतरने के बाद शुरू हो गया। समाजसेवी अशोक आचार्य ने बताया कि इस सीजन में पहली बार नदी में उफान आया है।

### एसडीएम ने दिए पुल-पुलियों पर बैरिकेड लगाने के दिए निर्देश

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नालों के जलस्तर बढने वाला है, लोगों की जान माल की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर के निर्देशन में सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्हौरे ने स्थानीय अमले को पुल-पुलियों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेड्स लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चौकीदारों की ड्यूटी लगाई जाने और नदी-नालों के जल स्तर पर भी सतत नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने आमजन से भी अपील की है कि पुल-पुलियों पर पानी होने की स्थिति में उन्हें पार करने की कोशिश ना करें। उन्होंने बाढ नियंत्रण के लिए बनाए गए कंट्रोल रुम में तैनात कर्मचारियों को मुस्तैद रहने की हिदायत दी है और कहा कि लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शुभम सोनी बने जन शक्ति युवा मंच के अध्यक्ष



गुड इवनिंग, सारंगपुर

रविवार रात्रि में सारंगपुर नगर की सामाजिक संस्था जन शक्ति युवा मंच की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संस्था के द्वारा आगामी वर्ष 2025-26 में किए जाने वाले कार्यक्रम व आयोजनों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान गणेश उत्सव त्यौहार व आगामी वार्षिक गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए संस्था के द्वारा मंच के युवा साथी शुभम सोनी को सर्वसम्मति से वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में संस्था के वरिष्ठ संस्थापक अक्षय सक्सेना, राजमल राठौर, गौरव सक्सेना, अमित सक्सेना, संजय विजयवर्गीय एवं पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप राठौर, शोभराज पारीक, डॉ सुरजीत सिंह जाट, सुभाष सोनी, छोटू राठौर, गौरव राठौर, सुरेश पुष्पद, अंकुर सोनी, मोहन सोनी, हिमांशु पंवार, लक्की सोनी, दिलीप विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, रवि सिसोदिया, अभिषेक सोनी, प्रकाश वर्मा, सोनू राठौर आदि उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी एवं पूर्व अध्यक्ष को स-सम्मान प्रशस्ति पत्र भेंट कर विदाई दी गई।

अंत में संस्था के निवृत्तमान अध्यक्ष के सफल कार्यकाल पर प्रकाश डालकर निवृत्तमान अध्यक्ष, वर्तमान अध्यक्ष व उपस्थित साथियों का आभार संस्था के प्रवक्ता शोभराज पारीक ने माना।

## अमृत हरित महाभियान : सीएमओ ने संत रविदास मंदिर परिसर में किया पौधारोपण



गुड इवनिंग, सारंगपुर

अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत अभियान को प्रभावी बनाने हेतु प्रारंभिक स्तर पर वार्ड नंबर 05 में संत रविदास मंदिर परिसर में मुख्य नपा अधिकारी ज्योति सुनहरे द्वारा निकाय कर्मचारियों एवं वार्ड क्रमांक 2 पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल अहिरवार की उपस्थिति में 250 पौधों का रोपण किया। इस दौरान सीएमओ सुनहरे ने बताया कि मंत्री टेटवाल के नेतृत्व में सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र (नगरीय एवं ग्रामीण) में 51000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें नगरी क्षेत्र सारंगपुर में 20000 पौधे राज्यमंत्री के मार्गदर्शन में लगाये जाने का लक्ष्य है।

# लायन राजेंद्र पालीवाल को एमजेएफ की उपाधि मिली

गुड इवनिंग, सारंगपुर



रविवार को एमआईटी परिसर उज्जैन मे केबिनेट संस्थापन समारोह डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ के नेतृत्व मे संपन्ना हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि नेपाल से पधारे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक एमजेएफ लायन संजय खेतान, विशिष्ट अतिथि मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन एमजेएफ लायन मनीष शाह एवं जीएटी वॉइस एरिया लीडर कुलभूषण मित्तल, एमजेएफ लायन महेश मालवीय, एमजेएफ लायन पंकज मारु की उपस्थिती मे संपन्ना हुआ, जिसमे लायंस क्लब सारंगपुर से लायन राजेंद्र पालीवाल को एमजेएफ की उपाधि से मंच पर सम्मानित किया। उक्त उपाधि सेवा के क्षेत्र मे लगातार कार्यरत रहने एवं एलसीआई फंड मे एक हजार डॉलर की राशि जरुरत मंद को प्रदान करने के लिए दी जाती है। 46 वर्ष मे प्रथम अवसर है कि सारंगपुर लायंस क्लब से श्री पालीवाल को यह सम्मान मिला, जो की क्लब के लिए गर्व का पल है। साथ ही लायन अध्यक्ष रुपेश जोशी को भी एक नया क्लब खुलवाने एवं एक एमजेएफ बनवाने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व रीजन लायन महेश शर्मा, झोन चेयरपर्सन नितिन परिहार, प्रदीप जोशी, प्रदीप चौहान उपस्थित थे। क्लब सदस्यो एवं मित्रो ने इस उपलब्धि पर बधाई प्रेषित की।

### सारंगपुर में महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण

# प्रगतिशील बलाई मालवीय महिला समिति की संगोष्ठी

गुड इवनिंग, सारंगपुर



प्रगतिशील बलाई मालवीय महिला समिति ने रविवार को देवकुआं महादेव मंदिर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें महिला वर्ग की सशक्तिकरण और सामाजिक भागीदारी पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया और एक दूसरे के साथ मिलकर आनंद उठाया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने मनोरंजन, खेल, सावन गीत, भजन, मेंहदी लगाना, झुले का आनंद लिया और वृक्षारोपण किया। उन्होंने 'एक पेड मां के नाम₹ के अंतर्गत वृक्षारोपण किया और सावन के महीने के चलते भगवान भोलेनाथ का भक्ति भाव से भजन कीर्तन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंतर मालवीय, गायत्री मालवीय, उर्मिला मालवीय, सीमा मालवीय, आशा मालवीय, सुनीता मालवीय, कविता मालवीय, ज्योति मालवीय, सुनीता मालवीय, प्रेमलता मालवीय, मोनिका मालवीय, अंजू मालवीय, भगवती मालवीय, कौशल्या मालवीय, सुगन मालवीय, गीता मालवीय, अंबिका आदि मातृशक्ति उपस्थिति रही। संचालन माया चौहान व बृजबाला मालवीय ने किया और आभार संगीता मालवीय ने माना। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में बलाई समाज की दो दर्जन महिलाओं ने हिस्सा लिया और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और सामाजिक भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है और प्रगतिशील बलाई मालवीय महिला समिति की सक्रियता और सामुदायिक भावना को दर्शार्ता है।

**महिला सशक्तिकरण के लिए एक कदम आगे**-प्रगतिशील बलाई समाज महिला समिति की इस पहल से महिलाओं को अपने अधिकारों और क्षमताओं का एहसास हुआ और उन्होंने समाज में अपनी भूमिका को मजबूत करने के लिए प्रेरणा प्राप्त की। इस तरह के आयोजनों से महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव आएगा।

## संपादकीय

# नागरिकता अब जन्म से नहीं सरकार की कृपा से

भारतीय लोकतंत्र में नागरिकता सिर्फ एक कानूनी दर्जा नहीं है। एक पहचान है, जो व्यक्ति को संविधान प्रदत्त अधिकारों, जिम्मेदारियों और गरिमा से जोड़ती है। जब यह अधिकार सरकार की मनमर्जी पर टिक जाए। अदालतें भी अलग-अलग राय देने लगें। तब सवाल उठता है, इस देश में जन्म लेने और नागरिकता के लिए सरकार के भरोसे रहना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस मदन बी. लोकुर की पुस्तक समीक्षा में इस संकट की तस्वीर सामने आई है।

जो हमें सोचने को मजबूर करती है, भारतीय नागरिकता अब सरकार की दया पर निर्भर होगी। जस्टिस लोकुर ने अपनी किताब में असम एनआरसी, विदेशी ट्रिब्यूनल्स और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) जैसे मुद्दों पर गहराई से मंथन किया है। उनका तर्क है, नागरिकता जैसे मौलिक अधिकार को तय करने की कोई ठोस, पारदर्शी और समान मानक नहीं हैं। न्यायपालिका परस्पर विरोधी निर्णय दे रही है। यह स्थिति संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों और लोकतंत्र की आत्मा के लिए बडा घातक है। एक ही प्रकार के मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने नागरिक को विदेशी ठहरा दिया। सुप्रीम कोर्ट में उन्हीं तथ्यों पर उसे भारतीय माना। ऐसे में यह सवाल जरूरी हो जाता है, क्या नागरिकता अब कोई ठोस संवैधानिक अधिकार है। अथवा सरकारों की मनमर्जी का औजार बन गया है। न्यायमूर्ति की पुस्तक में स्पष्ट संकेत है, राज्य अब नागरिक के प्रति जवाबदेही के स्थान पर नागरिक से ही प्रमाण मांग रहा है। निर्धन किसान, महिला, गरीब परिवार जो झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं, बिना पढ़े लिखे हैं। एक बाढ़ में सब कुछ खो देते हैं। नागरिकता साबित करने के लिए सरकारी दस्तावेज एवं प्रमाण जुटाने के लिए दर-दर भटकता फिर रहा है। यह प्रशासनिक ही नहीं, नैतिक रूप से संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक विफलता है। नागरिकता की यह राजनीति सरकारी हिंसा है। जिसमें एक वर्ग को संदिग्ध, अवैध और अन्य के रूप में चिह्नित कर प्रताड़ित किया जा रहा है। जस्टिस लोकुर ने अपनी पुस्तक में जिस तरह की चिंता व्यक्त की है। भारत में नागरिकता से जुड़े कानून जैसे नागरिकता अधिनियम, 1955 पुरानी पड़ चुकी है। राजनीतिक उद्देश्य साधने के लिए कानून की मनमाफिक व्याख्या की जा रही है। सीएए 2019 मे विशेष रूप से धर्म के आधार पर नागरिकता देने की बात करता है। यह संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता पर सीधा प्रहार है। इससे न सिर्फ मुसलमानों और अल्प संख्यकों की नागरिकता को लेकर डर फैला है। नागरिकता की धारणा भी धार्मिक पहचान में सिमट गई है। विभिन्न न्यायालयों में 1500 से अधिक नागरिकता के प्रकरणों में अलग-अलग निर्णय आए हैं। यह सभी निर्णय एक दूसरे के खिलाफ हैं। न्यायपालिका को नागरिकता जैसे मूलभूत अधिकार पर संवैधानिक दृष्टिकोण और त्वरित न्याय को अपनाना होगा। वर्तमान स्थिति को देखते हुए भारत मे राष्ट्रीय नागरिकता आयोग की आवश्यकता है। जो राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होकर संविधान के अनुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से नागरिकता तय करे। नागरिकता कोई उपकार नहीं, यह प्रत्येक मनुष्य का जन्मसिद्ध नागरिक होने का मौलिक अधिकार है। इसे प्रमाणित करने की ज़िम्मेदारी सरकार की है। जन्म तो भगवान की मर्जी से होता है। मां-बाप और जन्म लेने वाले को अधिकार नहीं होता है। वह किसको अपना बाप चुने। किस कुल और किस धर्म में जन्म ले। जहां जन्म लेता है, वह कर्म के आधार पर ईश्वर की मर्जी से जन्म लेता है। जन्मभूमि पर 84 लाख योनियों के जीवों का जन्मसिद्ध अधिकार है। जस्टिस लोकुर की किताब ने भारतीय लोकतंत्र, न्यायपालिका, धार्मिक और सामाजिक अस्थिरता, राज्य की मंशा और नागरिकों की असुरक्षा पर गंभीर मंथन किया है।

## 85003 लोगों ने एक साथ ई-शपथ लेकर लिया नशामुक्ति का संकल्प



फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के अंतर्गत इंदौर पुलिस ने इतिहास रच दिया। अभियान में 85003 लोगों ने एक साथ ई-शपथ लेकर नशामुक्ति का संकल्प लिया। इस पहल को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा रिकॉर्ड दर्ज किए जाने की प्रक्रिया में रखा गया है।

### हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी की लापरवाही से युवक की मौत का आरोप

# पानी भरे गड्ढे में उतरते ही युवक की करंट से मौत

### दलित नेता परमार ने थाना लसूड़िया पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, कंपनी व ठेकेदार पर एफआईआर की मांग

गुड इवनिंग, इंदौर

हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी की लापरवाही के कारण दलित समाज के एक होनहार युवक दीपक परमार (उम्र 28 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक होटल रामाडा में सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत था।

जानकारी के अनुसार, होटल के सामने चल रहे हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण कार्य के दौरान कंपनी द्वारा एक असुरक्षित गड्ढा खोदा गया था, जिसमें पानी भरा हुआ था। कंपनी के ठेकेदार ने दीपक से उस गड्ढे में उतरकर पानी निकालने को कहा। जैसे ही दीपक परमार गड्ढे में उतरे, उन्हें करंट लग गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के विरोध में अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधिमंडल थाना लसूड़िया पहुंचा।

**गैर इरादतन हत्या का दर्ज हो प्रकरण**-प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी तारेश सोनी को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी और उसके ठेकेदार के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाए की मांग कर नारेबाजी की। मृतक परिवार को 25 लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाए दोषियों को कड़ी सजा और पीड़ित परिवार को न्याय की मांग मिले की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।



**आश्वासन के बाद माने लोग**-पुलिस प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है पीएम रिपोर्ट आते ही कंपनी मालिक एवं ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उक्त आश्वासन के पश्चात दलित समाज के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

**इकलौता सदस्य था कमाने वाला**-दीपक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था दीपक के दो बालक 10 वर्ष दिव्यांश 13 वर्ष अंशु एवं पत्नी लक्ष्मी परमार हैं।



#### दी आंदोलन की चेतावनी

परमार ने खेद जताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं बल्कि लापरवाही से की गई हत्या है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन रोड पर उतरकर आंदोलन करेगा। इसी दौरान मुख्य रूप से दिनेश जी कुलपारे लखन देपाले संजय सोलंकी दीपक सोलंकी एडवोकेट संदीप सुनेल विमल भंडारी आशुतोष गिरनार अमित चिनाल राज परमार विकास पटेल अंकित हिरवे विशाल सारवान रितेश परमार इत्यादि सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद हुए।

## तारपीन डालकर पत्नी को जिंदा जलाया

गुड इवनिंग, इंदौर

चंदननगर थाना क्षेत्र के सागर पैलेस में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जहां एक पति ने मामूली विवाद में तारपीन डालकर पत्नी को जिंदा जला दिया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है वह करीब 80 प्रतिशत तक जल गई है। डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है। इधर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं महिला के सास-ससुर को भी आरोपी बनाने की मांग को लेकर चंदननगर थाने का घेराव कर हंगामा किया।

**चंदननगर थाना क्षेत्र के सागर पैलेस की घटना, पति को पुलिस ने भेजा जेल**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सागर पैलेस सिरपुर के पास की है यहां रहने वाले पायल का खाना बनाने के दौरान पति विनोद पिता बाबूलाल(28)से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान कीचन में रखा तारीपन उसने पायल पर डाल दिया और उसे आग के हवाले कर दिया गया। पड़ोसियों की मदद से उसे जैसे तैसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इधर तहसीलदार के सामने दिए बयान में महिला ने अपने पति का नाम लिया है। इधर पायल के मायके वाले घटना को लेकर आक्रोशित हैं उन्होंने आरोप लगाया कि पति के साथ सास ससुर भी घटना में शामिल हैं उन्हें भी आरोपी बनाया जाए। इस मांग को लेकर परिजनों ने सोमवार को चंदननगर थाने का घेराव किया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल ने परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जा रही है यदि पायल के सास ससुर की भी भूमिका इसमें मिली तो उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने विनोद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**भाई ने लगाए गंभीर आरोप**-पायल के भाई अर्जुन निवासी बाराभाई ने आरोप लगाए कि उसका पति विनोद पायल को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित करता था। कुछ दिन पहले वह मायके आई थी और बताया था कि विनोद ने परिवार के किसी सदस्य के इलाज के बहाने 50 हजार रुपए की मांग की है। जब परिवार ने इतनी बड़ी रकम देने से इनकार किया, तो रविवार रात पायल और विनोद के बीच विवाद हुआ। अर्जुन का आरोप है कि इसके बाद विनोद ने अन्य परिजनों के साथ मिलकर पायल को आग के हवाले कर दिया।

**दो छोटे बच्चों की मां है पीड़िता**-पायल के दो छोटे बच्चे हैं। एक चार महीने की बेटी और तीन साल का बेटा। उसका पति विनोद पेशे से पेंटर है। पुलिस का कहना है कि महिला के होश में आने के बाद उसके बयान लिए जाएंगे और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसियों में विवाद

गुड इवनिंग, इंदौर



आजाद नगर इलाके में बाइक साइड में खड़ी कनरे का कहने की बात को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद और मारपीट हो गई। आरोपी पिता-पुत्र ने पड़ोसी पर हमला कर घायल कर दिया। थाना आजाद नगर पुलिस के मुताबिक फरियादी अजय पिता कमल निवासी विराट नगर की शिकायत पर आरोपी संतोष वर्मा व कमलेश वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाले कमलेश व संतोष वर्मा आए और रोड से बाइक साइड में करने की बात को लेकर गालियां दी। उन्हें गालियां देने से मना किया तो मारपीट करने लगे। इस दौरान आरोपी कमलेश ने हाथ में पहने कड़े से मेरे सिर में मारा जिसेस चोट लगकर खून निकलने लगा। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

## गौतमपुरा में फिर फलने फूलने लगा सट्टा

गुड इवनिंग, देपालपुर

गौतमपुरा क्षेत्र सट्टे के मामले में हमेशा अव्वल रहा है, जहां पर हमेशा सटोरियों का बोलबाला रहा है। क्षेत्र में कई बार यानी क्राइम ब्रांच, एसपी ऑफिस, एसडीओपी ऑफिस की टीम ने सीधे सट्टे संचालकों पर कार्यवाही कर पकड़ा है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में भी तीन बड़े सट्टे के अड्डे चल रहे हैं। क्षेत्र में पूर्व थाना प्रभारी रहे संगीता सोलंकी के समय भी बड़े स्तर पर सट्टा चल रहा था जिसे इंदौर



की टीम द्वारा सट्टा पकड़ कार्यवाही की गयीथी परिणाम स्वरूप थाना प्रभारी सोलंकी को वहां से हटाया गया था कसूत्रों की पक्की जानकारी अनुसार अब पुनः गौतमपुरा में सट्टा संचालित हो रहा है खासकर बाहर के क्षेत्र से भी आकर यहां खट्टा खा रहे हैं। क्षेत्र में ढाबो ओर अवैध कलाली के साथ मुख्य कलालीयो के पास बने अवैध अहाते पर भी यह सुविधा मिल रही जहा ज्यादा शराब के नशे में व्यक्ति सट्टा के नाम लूटा रहे। क्षेत्रीय पुलिस तंत्र क्यो निष्क्रिय नजर आ रहा है समझ से परे है। फिलहाल जिले के नवागत ग्रामीण एसपी यांगचेन डोलकर भूटिया आये है अब वह जमीनी स्तर पर क्या तंत्र बनाकर चलेंगे व अवैध धंधो पर क्या अंकुश लगाते है यह कुछ समय बाद ही पता चलेगा।

#### बाउंसर्स ने युवक का सिर फोड़ा

**इंदौर**। विजयनगर इलाके के शॉपिंग माल में हुए विवाद में बाउंसर्स ने एक युवक पर हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक विवाद और हमला 21 मॉल में तीसरे फ्लोर पर हुआ। पुलिस ने फरियादी अर्पित पिता ओमप्रकाश देंगरे निवासी देव नगर की रिपोर्ट पर आरोपी बाउंसर वरूण, आलम, संजय व संदीप के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने दोस्त समीर सोनी,विजय पंवार, सत्येंद्र पर्ते,समर्थ सोनी, शिवा कहार के साथ सी 21 मॉल विजयनगर गया था। वहां वाशरूम में गया तभी एक बाउंसर आया और मुझे जाने से रोकने लगा उसने विवाद किया और गालियां देते हुए मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच उस बाउंसर के अन्य तीन साथी भी वहां आ गए। सभी ने मिलकर मेरे साथ मारपीट की।

## फुटपाथ से पांच डंपर सामान और 51 दोपहिया वाहन जब्त

### अवैध अतिक्रमण पर निगम एवं जिला प्रशासन की कार्रवाई

गुड इवनिंग, इंदौर






जिला प्रशासन और नगर निगम ने सोमवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत संयुक्त कार्यवाही करते हुए आरएनटी मार्ग रीगल चौराहा से छावनी चौराहा, सपना-संगीता रोड़ तक सड़क और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त किया। इसके साथी एयरपोर्ट क्षेत्र में भी सड़क किनारे नो पार्किंग स्थल पर खड़ी की गई 20 से अधिक बाइक जब्त की।

यह कार्रवाई यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं आमजन को फुटपाथ पर निर्बाध आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई। आरएनटी मार्ग रीगल चौराहा से छावनी चौराहा, छावनी चौराहा से सपना-संगीता टावर चौराहा तक स्थित फुटपाथों पर कई दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करते हुए निजी उपयोग की सामग्री जैसे टेबल, स्टैंड, बैनर, फोल्डिंग आदि रखे थे, जिससे पैदल चलने वालों को असुविधा हो रही थी। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुँचकर पांच दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया और कार्रवाई के दौरान 51 टू व्हीलर वाहन और पांच डंपर सामग्री को जब्त किया। जब्त की गई सामग्री में बैनर, फोल्डिंग, लकड़ी और लोहे के ढांचे, फर्नीचर एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग की वस्तुए शामिल है। इस सघन अभियान में नगर निगम के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, एसडीएम निधि वर्मा, अनुभागीय अधिकारी प्रदीप सोनी, जोनल एवं भवन अधिकारी गीतेश तिवारी, जोनल अधिकारी पल्लवी पाल सहित रिमूवल टीम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम नागरिकों की सुविधा एवं सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी ऐसी कार्यवाहियां सतत रूप से जारी रहेंगी।

## फर्जी रजिस्ट्री कांड में एफआईआर

गुड इवनिंग, इंदौर

कलेक्टर के आदेश पर हुई पंजीयन विभाग के रिकार्ड रूम की जांच में पंजीयन दस्तावेजों में काटछांट, बीच से कागज गायब होना,स्याही बदलना जैसी जालसाजी सामने आई है। इससे करोड़ों के घोटाले की संभावना है। इसी आधार पर कलेक्टर आशीष सिंह ने एफआईआर दर्ज कराने का आदेश




दिया था जिस पर वरिष्ठ उपपंजीयक प्रदीप निगम ने पंढरीनाथ थाने पर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। अब पुलिस की फोरेंसिक जांच में असल बदमाश सामने आएंगे। गौरतलब है कि पूर्व में एक मामले को लेकर हस्तीमल गुलाबचंद चौकसे ने शिकायत की थी। इसकी जांच में जालसाजी सामने आई तो पंजीयन कार्यालय के रिकार्ड रूम प्रभारी मर्दन सिंह रावत को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद से पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन करने का काम शुरू हुआ जो जारी है। पुराने मामले को देखते हुए और शिकायतों के आधार पर कलेक्टर ने फिर से रिकार्ड रूम रखे दस्तावेजों की जांच करवाई तो कई और फर्जी व काटछांट वाले दस्तावेज सामने आए। इसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने पुलिस में प्रकरण दर्ज दर्ज कराने का आदेश दिया। जिसके बाद पंढरीनाथ थाने पर प्रकरण दर्ज कराया गया जिसकी सूचना संभी संबंधित अधिकारियों को प्रेषित भी कर दी गई है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोनः 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिर्राज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।